आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 28 ● कटनी ● मंगलवार, 28 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## वलसाड में पेट्रो केमिकल कंपनी में धमाके से दो की मौत

**वलसाड, ईएमएस।** गुजरात के वलसाड में सरिगम GIDC में वैन पेट्रो केमिकल कंपनी में हुए धमाके में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हैं। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। वलसाड के SP विजय सिंह गुर्जर के मुताबिक, धमाके की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। घटना सोमवार रात करीब 11 बजे की है। रात होने की वजह से बचाव अभियान रोक दिया गया था। मंगलवार सुबह फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया जाएगा।

## शिक्षा में सुधार से रोजगार का होगा सृजन




**बजट से किसको क्या है उम्मीद, यश भारत का खास कार्यक्रम - बजट फीवर 2023**

■ जबलपुर, यशभारत।

1 मार्च को प्रदेश सरकार अपना आखिरी पूर्ण बजट प्रस्तुत करने जा रही है। जिसको लेकर यश भारत द्वारा एक खास सीरीज शुरू की गई है। जिसके पहले एपिसोड में आपने उद्योग व व्यापार क्षेत्र की आकांक्षाओं व सुझावों को जाना। अब इसके दूसरे एपिसोड में यश भारत द्वारा शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों से चर्चा की और बजट को लेकर उनकी क्या अपेक्षाएं हैं वह प्रदेश की शिक्षा व स्वास्थ्य नीति क्या परिवर्तन चाहते हैं उसको लेकर बात की। जिसे आप यश भारत न्यूज़ चैनल व यश भारत के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विस्तार से देख सकते हैं। चर्चा में ग्लोबल कॉलेज व बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के डायरेक्टर सौरव बड़ेरिया व स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर पर्व जयसवाल मौजूद रहे। जिन्होंने प्राइमरी शिक्षा हायर एजुकेशन व हेल्थ को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखें। चर्चा की शुरुआत पर्व जायसवाल के साथ यश भारत संचालक आशीष शुक्ला द्वारा की गई जिसमें उन्होंने स्कूल शिक्षा को लेकर एक सारगर्भित बात कही। कार्यक्रम के दूसरे हिस्से में सौरव बड़ेरिया के साथ हायर एजुकेशन और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गहन मंथन किया गया।



सौरभ बड़ेरिया, डायरेक्टर, मेट्रो प्राइम, बड़ेरिया मल्टीपल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट



पर्व जायसवाल, डायरेक्टर स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल

# कल आएगा मध्यप्रदेश का बजट



■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश का बजट 1 मार्च को आएगा। पहली बार विधानसभा में बजट डिजिटली यानी पेपरलेस पेश किया जाना है। इसके लिए विधानसभा सचिवालय की ओर से सभी 230 विधायकों को टैबलेट दिए जाएंगे। मीडिया को भी सॉफ्ट कॉपी मुहैया कराने के लिए पेनड्राइव दी जाएगी। डिजिटल बजट पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह कह चुके हैं कि वे इसका विरोध करेंगे, जबकि उनकी पार्टी के ही कुछ विधायक इसे नवाचर बता रहे हैं। यानी पेपरलेस बजट पर कांग्रेस में सहमति नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने कहा- पहली बार डिजिटल बजट आ रहा है। ये अपने आप में एक बड़ा नवाचार है। नए विज्ञान से जुड़कर हम ज्यादा और आसानी से जानकारी ले सकते हैं।

## डिजिटल बजट पर कांग्रेस विधायक एकमत नहीं

### कांग्रेस विधायकों के बयान...

नेता प्रतिपक्ष बोले, ये तानाशाही तरीका, सिंह ने कहा- स्वागत योग्यडिजिटल बजट पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा- मैं विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध करूंगा कि मप्र में एसटी, एससी, महिला, पिछड़े वर्ग के अधिकांश लोग हैं, इनको पूरी तरह से डिजिटल की जानकारी नहीं है। तानाशाही तरीके से जबरदस्ती बजट के लिखित पेपर न देकर डिजिटल बजट देने का मैं विरोध करूंगा। नेता प्रतिपक्ष के बयान पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा (सोनकच्छ विधायक) ने कहा, ऐसा नहीं है कि एससी, एसटी के विधायक नहीं जानते। मैं इसे थोड़ा गलत मानता हूं। एससी, एसटी के सारे पढ़े-लिखे विधायक हैं। हमारे नेता प्रतिपक्ष के कहने का आशय है कि दोनों तरह की व्यवस्था रखनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष के शब्दों को गलत न मानकर, उसे सही तरीके से समझें।नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा और विदिशा विधायक शशांक भार्गव।

### ईवीएम जैसी कुछ कारगुजारी की होगी...

शशांक भार्गव (विदिशा विधायक) ने कहा, पहले सरकार बजट ले आए, फिर देखेंगे। इसमें भी कुछ कारगुजारी की होगी, जैसे ईवीएम में की है। बैजनाथ कुशवाह (सबलगढ़ विधायक) बोले, 80 प्रतिशत लोग डिजिटल के बारे में जानते ही नहीं हैं। कई तो शुद्ध हिंदी भी नहीं जानते। मैं तो अंग्रेजी पड़ा हूं। वकील हूं। समझ सकता हूं। गोपाल सिंह चौहान (चंदेरी विधायक) ने कहा, ये पार्टी और बड़े नेताओं का निर्णय है, वे इस बारे में बात करेंगे। बाला बच्चन (राजपुर विधायक) ने कहा, जो सरकार का सिस्टम है, उसे हम फेस करेंगे। सबलगढ़ विधायक बैजनाथ कुशवाहा, चंदेरी विधायक गोपाल सिंह चौहान और राजपुर विधायक बाला बच्चन।

### अच्छी पहल, नवाचार होना चाहिए...

प्रियव्रत सिंह (खिलचीपुर विधायक) ने इसे अच्छी पहल बताया। कहा, सरकार डिजिटल बजट लेकर आ रही है। नवाचार होना चाहिए। लेकिन, सबसे अच्छा नवाचार ये होगा कि हमारे मुख्यमंत्री एक ऐसी टैबलेट लें, जिससे जुमलेबाजी बंद हो सके। केपी सिंह (पिछोर विधायक) ने कहा, नए जमाने के हिसाब से जो भी प्रोग्रेस हो रही है, स्वागत योग्य है। हम जैसे जो पुराने विधायक हैं, उनको सीखने के लिए ट्राई करना चाहिए। तरुण भनोत (जबलपुर पश्चिम विधायक) ने कहा, हम ये देखना चाहते हैं कि बजट के माध्यम से कौन सा शक्तिवर्धक टैबलेट मप्र की जनता को मिलने वाला है।

### गृहमंत्री बोले- जैसा नेता प्रतिपक्ष कहेंगे, वैसा करेंगे

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा, डिजिटल बजट लाना अच्छी बात है। नेता प्रतिपक्ष के बयान पर बोले- जो नई तकनीक से नहीं जुड़े, उन्हें जोड़ेंगे। जैसा डॉक्टर साहब (नेता प्रतिपक्ष) कहेंगे, वैसा करेंगे। प्रद्युम्न सिंह तोमर (ऊर्जा मंत्री) ने कहा, नई तकनीक के साथ और विकास के साथ जुड़ना चाहिए। भूपेंद्र सिंह (नगरीय प्रशासन मंत्री) ने कहा- ओडिशा समेत देश की कई विधानसभाओं में ई-बजट आ रहा है। हमारे सारे विधायकों को एक आईपैड में सारी जानकारी मिल जाएगी। पहले हम विधायकों को मिलने वाली बजट की पेपर कॉपी इतनी ज्यादा भारी होती थी कि एक व्यक्ति उठा नहीं पाता था।

## » न्यूज गैलरी

### 8 दोषियों को आज सुनाई जाएगी सजा लखनऊ की NIA कोर्ट में अहम सुनवाई

■ भोपाल, यशभारत।



लखनऊ की एनआईए कोर्ट ने भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन ब्लास्ट मामले में सभी 8 आरोपियों को दोषी करार दिया है। सजा का ऐलान आज किया जाएगा। यह मामला 7 मार्च 2017 का है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और उज्जैन रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन पर हमला किया गया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच में यह आतंकी हमला पाया गया था। आईएसआईएस से संबंध रखने वाले आतंकियों ने इस हमले को अंजाम दिया था। बाद में इन्हीं आतंकियों ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में रेलवे ट्रैक पर बम रखकर उड़ाने की साजिश रची थी। मोहम्मद फैसल, गौस मोहम्मद खान, मोहम्मद अजहर, आतिफ मुजफ्फर, मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हसन, आसिफ इकबाल उर्फ रॉकी और मोहम्मद आतिफ। इससे पहले सोमवार को हुई सुनवाई में NIA कोर्ट ने दोषी ठहराया। सभी आतंकी लखनऊ जिला जेल, गोसाईगंज में कैद है। मामले में सैफुल्लाह के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल हुआ था, लेकिन वह दुबग्गा के हाजी कालोनी में एक मुठभेड़ में मारा गया था। 31 अगस्त, 2017 को अभियुक्तों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के साथ ही एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत भी आरोप पत्र दाखिल हुआ था।पड़ताल के दौरान एटीएस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के आतंकी देश में कई स्थानों पर बम ब्लास्ट की योजना बना रहे हैं। एटीएस कानपुर ने आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के शक पर मो. फैसल को गिरफ्तार किया। फिर इसकी निशानदेही पर अन्य आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था।

### गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मनीष सिसोदिया, CBI ने शुरू की पूछताछ

**नई दिल्ली, यशभारत।** दिल्ली शराब घोटाले में गिरफ्तार डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को पांच दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है। ताजा खबर यह है कि सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ मनीष सिसोदिया ने मंगलवार सुबह सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी के जरिए याचिका दायर कर गिरफ्तारी को चुनौती दी गई। जल्द स्पष्ट होगा कि सर्वोच्च अदालत याचिका पर सुनवाई करती है या नहीं, और करती है तो कब। वहीं सीबीआई ने पूछताछ शुरू कर दी है। पूछे जाने वाले सवालों की लंबी फहरिस्त बनाई गई है। इस बीच, सीबीआई के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में बड़ा दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रिमांड ऑर्डर में सीबीआई ने बताया है कि दिल्ली शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया की सक्रिय भूमिका रही है।

### डांस करते-करते गिरा युवक, हार्टअटैक से मौत

**नांदेड़, एजेंसी।** तेलंगाना के नांदेड़ में डांस करते-करते एक युवक की अचानक मौत हो गई। घटना पिछले शनिवार (25 फरवरी) की है, जहां शादी में डांस कर रहे एक 19 साल के युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। महाराष्ट्र का रहने वाला मुट्यम हैदराबाद से करीब 200 किलोमीटर दूर निर्मल जिले के पारडी गांव में अपने रिश्तेदार के यहां शादी में आया था। घटना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि युवक अपने पसंदीदा तेलुगु गाने पर डांस कर रहा है। 40 सेकंड के वीडियो में कुछ समय बाद दिखता है कि वह डांस करते-करते अचानक से जमीन पर गिर पड़ा।

## इंदौर से आतकी सरफराज मेमन हिरासत में, एनआइए ने जारी किया देश में बड़े हमले का अलर्ट




■ इंदौर, ईएमएस।

इंदौर से सरफराज मेमन को पकड़ा गया है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि वह विदेशों से ट्रेनिंग लेकर आया है। इसके साथ एनआइए ने देश में बड़े हमले का अलर्ट भी जारी किया था। पुलिस रविवार देर रात उसे तलाशने उसके घर और दुकान पर पहुंची लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद पुलिस उसके माता पिता को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन लाई। माता पिता के थाने आने के बाद उसने पुलिस को फोन कर खुद थाने आने की बात कही। देर रात पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। पुलिस को अभी उसकी बहुत सारी बातों पर संदेह है। उसके पासपोर्ट में 15 बार चीन और हांगकांग जाने की एंट्री है। उसका कहना है कि वह बिजनेस के सिलसिले में वहां जाता था। वहां से सस्ते मोबाइल खरीदकर देश में महंगे दामों में बेचने का उसका काम था। वह लंबे समय तक वहां पर रहा है। एनआइए की रिपोर्ट के बाद में इंटेलिजेंस और पुलिस ने रविवार रात चंदननगर से सरफराज को हिरासत में लिया। रिपोर्ट में बताया है कि वह 12 साल तक हांगकांग में रहा है। यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान और चीन से आतंकी ट्रेनिंग लेकर आया है। भारत में बड़ा हमला करने की फिराक में है। अब मुंबई का आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) सरफराज से पूछताछ करेगा। वह 2007 के आसपास इंदौर के खजराना में भी रहा था। मकान बेचने के बाद ग्रीन पार्क कालोनी में आ गया था। पुलिस के पास वर्ष 2016 से पहले का उसके पासपोर्ट का रिकार्ड नहीं है। उसकी कुछ बातों पर अभी भी संदेह है। बैंक खातों और फोन नबंरों की जांच चल रही है। एनआइए ने गुप्त इनपुट मुंबई पुलिस को मेमन के बारे में सूचना दी थी। एनआइए को जानकारी मिली थी कि वह मुंबई का रहने वाला है। मुंबई एटीएस हरकत में आई और इंदौर के इंटेलिजेंस डीसीपी रजत सकलेचा को बताया कि सरफराज मूलतः ग्रीन पार्क कालोनी (चंदननगर) स्थित फातमा अपार्टमेंट का रहने वाला है। चंदननगर थाना पुलिस पहुंची तो पहले उसके माता-पिता को हिरासत में लिया। देर रात वह स्वयं थाने पहुंच गया। डीसीपी जोन-4 आरके सिंह और एडिशनल डीसीपी जोन-4 अभिनव विश्वकर्मा ने सरफराज से पूछताछ की। उसने प्रारंभिक पूछताछ में हांगकांग में रहना स्वीकार किया। उसके पासपोर्ट में 15 बार चीन और हांगकांग जाने की एंट्री दर्ज है। पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्रा ने बताया कि एनआइए की सूचना के बाद पुलिस ने संदेही सरफराज को हिरासत में लिया है। पुलिस और इंटेलिजेंस की टीम उससे पूछताछ कर रही है।एडिशनल डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा के अनुसार, सरफराज ने बताया कि उसकी खजराना में दवा की दुकान है, लेकिन कुछ दिनों से बंद है। उसने हांगकांग में रहना कुबूला है। उसके कथनों की जांच की जा रही है। मंगलवार को मुंबई एटीएस भी पूछताछ करने इंदौर आएगी।

## भारत में बढ़ रहा भूकंप का खतरा?

### पूर्वोत्तर में पांच घंटे के अंदर दो बार कांपी धरती

■ तुरा, एजेंसी।

पूर्वोत्तर में मंगलवार अल-सुबह महज पांच घंटे के अंदर दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। जहां पहला झटका मणिपुर के आसपास महसूस हुआ, वहीं दूसरे झटके ने मेघालय के तुरा की जमीन को हिला दिया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, पूर्वोत्तर में पहला झटका मणिपुर के नोनी जिले में महसूस किया गया। यहां भूकंप की तीव्रता 3.2 रही और इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भूकंप अल-सुबह 2.46 बजे आया और इसका केंद्र जमीन से 25 किमी नीचे था। मेघालय में सुबह करीब 6.57 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। एजेंसी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र राज्य के तुरा से 59 किमी उत्तर में था। इसकी गहराई जमीन से 29 किमी नीचे रही। इन झटकों में भी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।




## राज्यपाल श्री पटेल का डुमना विमानतल पर स्वागत



■ जबलपुर, यशभारत।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल का आज सुबह डुमना विमानतल पर आत्मीय स्वागत किया गया। श्री पटेल का भोपाल से सुबह लगभग 9.45 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा अल्प प्रवास पर डुमना आगमन हुआ था। विमानतल पर राज्यपाल का स्वागत राज्य सभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि ने किया। इस अवसर पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो कपिलदेव मिश्र, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ एस पी तिवारी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा, पुलिस उप महानिरीक्षक आरआरएस परिहार, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा भी मौजूद थे। राज्यपाल डुमना विमानतल पर कुछ देर रुकने के बाद हेलीकॉप्टर से सिंगरौली जिले के बारहपानी प्रस्थान किया।

## समय से पहले आई गर्मी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस महीने एसी-फ्रिज की बिक्री 10% से ज्यादा बड़ी है। सॉफ्ट ड्रिंक, दूध से तैयार पेय, पानी और आइसक्रीम भी ज्यादा बिकने लगे हैं। इसके चलते इनके दाम 7-25प्रश बढ़ गए हैं। आगामी महीनों में बिक्री और बढ़ने के आसार हैं। ऐसे में कंपनियों ने उत्पादन बढ़ाना शुरू कर दिया है। दरअसल, देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्से में दिन का तापमान कई वर्षों का रिकॉर्ड छू रहा है। फरवरी में अमूमन ऐसा नहीं होता।

## पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

# अरुणोदय पंचांग




## आतंक के खिलाफसुरक्षाबलों का एक्शन

### पुलवामा-अवंतीपोरा में मुठभेड़ में मार गिराए दो दहशतगर्द

**जम्मू , एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी मार गिराया है। इससे पहले, दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के पदगामपोरा में सोमवार को आधी रात बाद मुठभेड़ शुरू हुई। इसमें एक आतंकी मारा गया। डीजीपी दिलबाग सिंह ने मुठभेड़ की पुष्टि की, लेकिन उन्होंने आतंकियों की पहचान की कोई जानकारी नहीं दी। सूत्रों के मुताबिक मारा गया आतंकी कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल हो सकता है। वहीं सेना के दो जवानों के घायल होने की खबर है। रविवार को पुलवामा में पत्नी के साथ बाजार जा रहे कश्मीरी पंडित बैंक गार्ड संजय शर्मा की आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्यारों के पदगामपोरा में छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया। हमले के बाद से ही पुलिस तथा सुरक्षा बलों की टीमें लगातार हत्यारों की तलाश में जुटी हुई हैं।



### कश्मीरी पंडित की अर्थी को मुस्लिमों ने दिया कंधा

पुलवामा जिले के अच्छन गांव में आतंकी हमले में मारे गए कश्मीरी पंडित संजय शर्मा का सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान मुस्लिम पड़ोसियों ने भाईचारे की मिसाल पैदा की। उन्होंने संजय शर्मा के अंतिम संस्कार में परिवार की तरह मदद की। उन्होंने संस्कार के लिए लकड़ियों की व्यवस्था की और अर्थी को भी कंधा दिया। संजय शर्मा का परिवार अच्छन गांव में रहने वाला एकमात्र कश्मीरी पंडित परिवार है। स्थानीय निवासी मुदस्सिर अहमद ने कहा, जब हमें संजय शर्मा की हत्या की खबर मिली तो पैरों तले जमीन ही खिसक गई थी। यह सुनकर हम तुरंत घर की तरफ दौड़े और संजय के परिवार वालों को संभाला। उन्होंने कहा कि गांव में संजय शर्मा के परिवार से सभी के मधुर रिश्ते हैं। वहीं, संजय के रिश्तेदारों ने कहा कि गांव के मुसलमान हमेशा मुश्किल और जरूरत के समय उनकी मदद करते हैं।

## रैगिंग से परेशान दलित मेडिकल स्टूडेंट ने किया सुसाइड

### तेलंगाना में PG फर्स्ट ईयर की छात्रा को सीनियर परेशान कर रहा था



■ हैदराबाद, एजेंसी।

तेलंगाना के हैदराबाद में दलित मेडिकल स्टूडेंट डी. प्रीति (26) की रविवार देर रात मौत हो गई। पोस्ट ग्रेजुएटशन फर्स्ट ईयर की छात्रा प्रीति ने अपने सीनियर मोहम्मद सैफ की रैगिंग से परेशान होकर चार दिन पहले सुसाइड अटेम्प्ट किया था। उसने खुद को जहर के इंजेक्शन दिए थे। प्रीति को हैदराबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन 26 फरवरी को उसने दम तोड़ दिया। प्रीति के पिता नरेंद्र की शिकायत पर प्रीति के कॉलेज में पोस्ट ग्रेजुएशन के सेकेंड ईयर के छात्र मोहम्मद अली सैफ को गिरफ्तार किया गया है। उस पर रैगिंग, सुसाइड के लिए भड़काने और SC/ST एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्होंने कॉलेज और अस्पताल प्रशासन पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रीति ने दोनों जगह आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। ककाटिया मेडिकल कॉलेज की फर्स्ट ईयर की दलित स्टूडेंट प्रीति ने मंगलवार 22 फरवरी को सुसाइड अटेम्प्ट किया, रविवार 26 फरवरी को उसकी मौत हो गई। NIMS हैदराबाद की तरफ से जारी किए स्टेटमेंट के मुताबिक, डॉक्टरों की टीम ने प्रीति को बचाने की बहुत कोशिश की लेकिन, 26 फरवरी को रात 9.10 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि दोनों के बीच वॉट्सऐप चैट से पता चलता है कि आरोपी प्रीति की रैगिंग ले रहा था। उन्होंने कहा कि टॉक्सिकोलॉजी रिपोर्ट के आधार पर आगे की इन्वेस्टिगेशन की जाएगी।

### ट्राइबल कम्युनिटीज कर रहीं प्रदर्शन, परिवार ने बॉडी का पोस्टमॉटर्म कराने से इनकार किया

प्रीति की मौत पर कई लंबाडा ट्राइबल यूनियन ने हैदराबाद के NIMS अस्पताल, ककाटिया मेडिल कॉलेज और वारंगल के म्हरूअस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रीति के परिवार ने भी NIMS अस्पताल से प्रीति की बॉडी को पोस्टमॉटर्म के लिए भेजने से इनकार कर दिया है।नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन और SC/ST के नेशनल कमीशन ने मामले का संज्ञान लिया है और सरकार, म्हरू अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट और डिपार्टमेंट ऑफ एनेस्थीसियोलॉजी के हेड और कॉलेज प्रिंसिपल को नोटिस भेजा है। गवर्नर तमिलिसई सौंदराराजन ने अस्पताल में प्रीति से मुलाकात की थी। उन्होंने प्रीति के परिवार के लिए 10 लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया है।

# बनेगी भी या नहीं ये सड़क



## घंटाघर चांडक चौक मार्ग नियमों में उलझा

**कटनी, यशभारत।** शहर के जगन्नाथ चौक से लेकर घंटाघर तक का मार्ग बेहद जर्जर है और उसके चौड़ीकरण व निर्माण को लेकर स्थानीय जन कई बार आंदोलन भी कर चुके हैं।

जगन्नाथ चौक से जुहला बाइपास तक सड़क निर्माण व चौड़ीकरण को लेकर पूर्व में प्रस्ताव बनाया गया था लेकिन माई नदी से बाइपास तक चौड़ीकरण व निर्माण कराया गया। उसके बाद से अतिक्रमण हटाने को लेकर पेंच फंसा रहा। हाइकोर्ट ने जनहित याचिका में शहर के अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे और उसमें से एक माह पूर्व नगर निगम ने कार्रवाई की थी लेकिन चिन्हित 64 अतिक्रमण हटाने की जगह खानापूर्ति कर दी गई।

दो माह पहले स्थानीय जनों ने आंदोलन किया था और उससे पहले जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक के मार्ग निर्माण का टेंडर जारी कर दिया गया, जो बाद में कैसिंल हो गया और अब दोबारा प्रक्रिया की जा रही है। सड़क निर्माण को लेकर एक पेंच और फंसा हुआ है।

एमआइसी की पिछली बैठक में सड़क का निर्माण स्वीकृत करते हुए सीसी रोड बनाने का प्रस्ताव पास किया गया था जबकि परिषद की बैठक में डामरीकरण कार्य कराने का प्रस्ताव पास हुआ। इसको लेकर दस दिन पहले हुई बैठक में कांग्रेस पार्षदों ने जमकर हंगामा किया था और बैठक में ही गलती को स्वीकार करते हुए दोबारा प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कही गई।



# स्वास्थ्य शिविर में कई हुए लाभांवित

**कटनी, यशभारत।** गहोई वैश्य वनीता समिति कटनी के तत्वाधान में विगत चार वर्ष से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गत दिनांक 25 /02/ 2023 दिन शनिवार को गहोई वैश्य पंचायती सत्संग भवन में रखा गयाद्ध यह कार्यक्रम वरिष्ठ जनों एवं समस्त सामाजिक और अन्य सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में भव्य रुप से संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहनलाल चौदहा, हजारी प्रसाद नौगरहिया एवं समाज की सभी संस्थाओं के पदाधिकारी गण, पंच गण और अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित रहे मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को अगले चरण में पहुंचाया। डॉ अशोक चौदहा शिशु रोग विशेषज्ञ त्वचा रोग विशेषज्ञडॉक्टर मनीष मिश्रा नेचुरोपैथी स्पेशलिस्ट रूपाली गुप्ता फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर परम पटेल डॉ रमेश सोनी सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय डॉक्टर्स की टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर शिविर में योगदान दिया 7 हमारे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लगभग 250 से अधिक रोगियों ने अपना निशुल्क परीक्षण कराया एवं 25 रोगियों को चित्रकूट ऑपरेशन हेतु ले जाया गया हमारे वनिता समिति की समस्त पदाधिकारी गण एवं सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका रखी इस कार्यक्रम में अध्यक्ष रजनी बिलैया सचिव उषा नौगरहिया विभा मुदिता कदेले सुमन आरती, प्रतिभा सेठिया कीर्ति मोदी, पिंकी सुनीता, जार जयंती खंताल, खुशबू त्रिसोल्या रश्मि नैनी मधु मोहनी बरसैया मीना सुहाने आभा नौगरहिया ने अपना भरपूर योगदान दिया7समाजिक बन्धूओ ने सराहनीय कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंशा की।



## अब तक नहीं पकड़ाए व्यापारी के हमलावर, 16 दिन पहले दुकान संचालक को मारा था चाकू

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले के माधवनगर थाना क्षेत्र स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के सामने एक बैग व्यापारी युवक पर हुए हमले के 16 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक पुलिस के हाथ खाली है। दरअसल, 3 अज्ञात बदमाशों ने चाकू मारकर व्यापारी को घायल कर दिया था। गिरफ्तारी की मांग को लेकर व्यापारियों ने विधायक, प्रभारी मंत्री और एसपी तक से मुलाकात की हैं। व्यापारियों का कहना है कि जिले में अपराध लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण भय का महौल बना हुआ है। व्यापारियों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने पर 21 हजार रुपए का इनाम देने की बात भी कही है। बता दें कि माधव नगर थाना क्षेत्र के समदड़िया सिटी निवासी राजकुमार पोहानी कि कोतवाली थाना क्षेत्र के हीरागंज में बैग शॉपी नाम से एक दुकान है। दुकान का संचालन राजकुमार पोहानी और उनका बेटा संजय पोहानी करता है। 10 फरवरी की रात दुकान बंद करने के बाद उनका बेटा संजय पोहानी घर जा रहा था। इसी दौरान माधव नगर थाना क्षेत्र स्थित शराब दुकान के पास रात करीब 9 बजकर 45 मिनट बाइक सवार तीन नाकाबपोश युवकों ने चाकू से हमला कर दिया था। जिसके कारण संजय पोहानी गंभीर रुप से घायल हो गया था। सीएसपी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश पुलिस टीम कर रही है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## प्रशिक्षणार्थियों को जैविक कीटनाशक का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया



**कटनी, यशभारत।** कटनी। विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत भवन खरहटा मैं मध्यप्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी के प्रबंधक मनोहर लाल अहिरवार के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक के सहयोग से प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा जैविक सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण स्व सहायता समूह एवं प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत मनरेगा में 100 दिन कार्य किए हुए परिवार के सदस्यों को स्वरोजगार आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबन के लिए 35 प्रशिक्षणार्थियों को 10 दिवसीय जैविक सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कम लागत तकनीकी के अंतर्गत ग्राम में उपलब्ध कचरा से जैविक खाद एवं कीटनाशक बनाकर फसलों एवं सब्जियों में उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। गोबर कंपोस्ट केंचुआ खाद एवं मटका खाद जीवामृत बीजा मृत खाद जैविक कीटनाशक के अंतर्गत गोमूत्र पांच पत्ती काढ़ा नीमा स्त्र ब्रह्मास्त्र आग्नेयास्त्र को बनाने एवं सब्जियों में उपयोग का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। नर्सरी प्रबंधन के लिए पौधे तैयार करने से लाभ स्थल चयन पौधशाला की तैयारी भूमि उपचार बीज उपचार क्यारी बनाने बीज बोने की छिटकवां एवं कतारों में बोने की विधि बीजों को ढकना सिंचाई आदि की तकनीकी जानकारी दी गई ड्रिप सिंचाई एवं प्लास्टिक मल्चिंग एवं पाली हाउस के विषय में बताया गया। सुनील रजक द्वारा उद्यमशील व्यक्तियों की 15 विशेषताओं के विषय में जानकारी दी गई।

## ऑटो की टक्कर से वृद्ध की मौत बस स्टैंड चौकी के सामने दुर्घटना

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत बस स्टैंड चौकी के पास तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा की टक्कर लगने से घायल वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दमोह जिले के सलैय क्षेत्र निवासी 65 वर्षीय राजू बर्मन शेर चौक में किराए के मकान में रहता था। राजू बर्मन सब्जी की दुकान लगाता था। रविवार रात राजू बर्मन किसी कार्य से बस स्टैंड की ओर जा रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि राजू की पहचान रविवार को नहीं हो पाई थी, सोमवार दोपहर राजू की पहचान उनके परिजनों ने की, जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले आटो चालक के विरूद्ध मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## सड़क दुर्घटनाओं में कई घायल, वाहन चालकों पर मामला दर्ज

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत नईबस्ती निवासी 35 वर्षीय हिमांशु पिता मोहन लाल भारवानी को वाहन चालक ने टक्कर मारकर चोट पहुंचाई है। इसी प्रकार शिवाजी नगर निवासी 30 वर्षीय रामकृष्ण निषाद पिता रामप्रताप निषाद को कार चालक ने टक्कर मारकर चोट पहुंचाई है। इसी प्रकार पन्ना मोड़ में शहपुरा भिटौनी जबलपुर निवासी 40 वर्षीय सुब्रत कुमार पिता मन्नु लाल रजक को बस एम.पी.15पीए-2177 के चालक ने टक्कर मारकर चोट पहुंचाई। विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत मन्नू चौराहा के आगे रामभगत कुशवाहा पिता मंगल प्रसाद निवासी पथरहटा थाना बरही को मोटर साइकिल चालक ने टक्कर मारकर चोट पहुंचाई। इसी प्रकार बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम कोडो मोड़ के पास मेन रोड में रंजीत सिंह परिहार पिता राजमल सिंह परिहार निवासी वार्ड नंबर 76 मकान नंबर 13 शंकर नगर जिला जबलपुर को बाइक चालक ने टक्कर मारकर चोट पहुंचाई। पुलिस ने वाहन चालकों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।


### कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी, मुड़वारा (म.प्र.)

क्र./5242/उद्यान/2022-23 कटनी, दिनांक :- 03/02/2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेंडरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्तें व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगरपालिक निगम, कटनी में अथवा https://www.mptenders.gov.in पोर्टल पर देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि रूपये में) | अमानत राशि (राशि रूपये में) | निविदा प्रपत्र की मूल्य (राशि रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सीमांतर्गत चाका से ट्रांसपोर्ट नगर मोड के पास हनुमान मंदिर तक आयरन रेलिंग लगाये जाने का सम्पूर्ण कार्य | 3238584.00 | 24290.00 | 5000.00 |

निविदा का शेड्यूल निम्नानुसार है :-
(1) निविदा प्रपत्र क्रय एवं विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि- 27/02/2023 को सायंकाल 5.30 से।
(2) निविदा प्रपत्र क्रय एवं विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29/03/2023 को सायंकाल 5.30 तक।
(3) विड खोलने की तिथि 31/03/2023 को दोपहर 1.00 बजे से।
(4) निविदा के सभी संसोधन सिर्फ ऑनलाईन अपलोड किये जावेंगे, समाचार पत्रों में नहीं।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त- नगर पालिक निगम कटनी


## बिचपुरा के युवक का निःशुल्क हुआ इलाज



**कटनी, यशभारत।** पैसे की तंगी से अपना इलाज कराने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत बने आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हो रहे हैं। कटनी जिले के बिचपुरा ग्राम निवासी धर्मेंद्र रजक को पेट में तेज दर्द रहता था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि पथरी है और इसका ऑपरेशन करना पड़ेगा। ऐसे में कमजोर आर्थिक स्थिति वाले धर्मेंद्र के सामने इलाज की समस्या का आखरी हुई, तब पता चला कि आयुष्मान कार्ड होगा तो निःशुल्क ऑपरेशन हो जाएगा। अब बस यहीं से धर्मेंद्र के मनोबल को मजबूती मिली और धर्मेंद्र का जबलपुर के आशीष हॉस्पिटल में पथरी का सफल ऑपरेशन हुआ। आज धर्मेंद्र खुशहाल और स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। धर्मेंद्र ने आयुष्मान कार्ड योजना शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## थोक फल व सब्जी व्यापार पर मंडी शुल्क वसूल किये जाने का प्रस्ताव

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में कृषि उपजमंडी समिति की बैठक 24 फरवरी को आयोजित की गई थी जिसमें आए प्रस्ताव में लिये गए निर्णय अनुसार मंडी अधिनियम 1972 के प्रावधानों व थोक फल सब्जी व्यापार के विषय में माननीय उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर द्वारा प्रदत्त विधिक अभिमत के अनुसार कृषि उपजमंडी समिति के क्षेत्रांतर्गत संचालित थोक फल सब्जी व्यापार पर मंडी शुल्क वसूल किये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। कटनी क्षेत्रांतर्गत समस्त थोक फल सब्जी व्यापारियों को आदेशित किया गया है कि सभी व्यापारी मंडी अधिनियम 1972 व उपविधि सन 2000 के अनुसार थोक फल सब्जी व्यापार हेतु मंडी अधिनियम की धारा 31 के अनुसार अनुज्ञप्ति प्राप्त कर नवीनीकरण अनिवार्य रूप से 15 दिवस के भीतर किया जाकर थोक फल सब्जी व्यापार पर कीमत के 1.5 प्रतिशत की दर से मंडी शुल्क कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति कटनी में जमा कराया जाना सुनश्चित करे। अन्यथा की स्थिति में बिना शुल्क जमा किये व्यापार किये जाने पर मंडी अधिनियम की धारा 19 (4) के तहत (कृषि उपज की कीमत के पांच गुना पर 1.5 प्रतिशत दांडिक मंडी शुल्क) व मंडी अधिनियम व उपविधि के उल्लंघन पर मंडी अधिनियम की धारा 48 के तहत दांडिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।


### सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
ऑडी-1 में रोजाना 3 शो ता. 24 से
दोपहर 12, 6 एवं रात्रि 9 बजे से




कलाकार- कार्तिक आर्यन, कृति सेनन, परेश रावल, मनीषा कोइराला आदि।

शहजादा

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

### सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
ऑडी-2 में रोजाना 5 शो ता. 24 से
दोपहर 1, 3 (ऑडी-1), 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से




कलाकार- अक्षय कुमार, इमरान हाशमी, नुसरत भरूचा, डायना पेंटी आदि।

सेल्फी

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



### कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति कटनी जिला कटनी म.प्र.

का./मंडी/नियमन /22/2107 कटनी दिनांक 27.02.23

**विज्ञप्ति**

एतद द्वारा कृषि उपज मंडी छेत्रान्तार्गत समस्त थोक फल सब्जी व्यापारियों को सूचित किया जाता है की म.प्र. कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972, उपविधि 2000 व म.प्र. राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना दिनांक 27.01.2012 अनुसार, मंडी समिति से नियमानुसार थोक/प्रसंस्करण/आढ़त की अनुज्ञति धारण कर मंडी नियमों, उपविधियों का पालन करते हुए थोक फल सब्जी का व्यवसाय करने वाले कृत्यकरियो से 1.5 प्रतिशत की दर से तथा केला एवं संतरा में 1 प्रतिशत की दर से मंडी शुल्क जमा कर व्यवसाय करना सुनिश्चित करेंगे।

उपरोक्त निर्देशों/आदेशों की अवहेलना करने पर मंडी अधिनियम की धारा 19(4) एवं धारा 48 के अंतर्गत दांडिक कार्यवाही की जावेगी जिसका दायित्व सम्बंधित का होगा।

सम्बंधित व्यापारियों से अपेक्षा है की मंडी समिति को विपणन, नियमन व्यवस्था में सहयोग प्रदान करेंगे।

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति कटनी
जिला कटनी(म.प्र.)

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति कटनी
जिला कटनी (म.प्र.)



### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का स्कूल के दस्तावेज, आधार कार्ड आदि दस्तावेजों में नाम अनिकेत सिरमोलिया लिखा है, परन्तु त्रुटिवश कोर्ट के दस्तावेजों में उसका नाम अमन सिरमोलिया दर्ज हो गया है। अनिकेत सिरमोलिया और अमन सिरमोलिया एक ही व्यक्ति के नाम हैं। अतः अब उसे अमन सिरमोलिया एवं अनिकेत सिरमोलिया दोनों ही नाम से जाना एवं पहचाना जावे एवं स्कूल के दस्तावेजों में यही नाम दर्ज किया जावे।

सूचनादाता
ज्योति सिरमोलिया
पता- तिलक कालेज रफी अहमद किदवई वार्ड, कटनी (म.प्र.)


## सुधीर के ब्लड कैंसर के उपचार में आयुष्मान कार्ड बना मददगार

**कटनी, यशभारत।** ब्लड कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से संघर्ष करते हुए ग्राम पंचायत कटारिया ढीमरखेड़ा निवासी सुधीर कुमार पाटकर का उपचार अब आयुष्मान कार्ड की मदद से जवाहरलाल नेहरू हॉस्पिटल में हो रहा है। सुधीर कहते हैं, कि यदि मेरे पास आयुष्मान कार्ड नहीं होता तो जिंदगी नहीं बच पाती। ब्लड कैंसर की महंगी दवा व उपचार सोचकर ही सिहरन होने लगती थी। ऐसे में आयुष्मान कार्ड मेरी जिंदगी बचाने का सबब बना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस आयुष्मान भारत योजना शुरू कर गरीबों का 5 लाख तक के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था का जरिया बनाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 28 फरवरी 2023

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# पुराने पैटर्न में बदलाव के साथ कल से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाएं, शिक्षा विभाग की तैयारियां

## जिले के 96 केन्द्रों पर दसवीं के 15 हजार से ज्यादा छात्र देंगे परीक्षा, 7 केन्द्र संवेदनशील

### - एक नजर -

| कक्षा दसवीं | कक्षा बारहवी |
|---|---|
| परीक्षा केन्द्र - 96 | परीक्षा केन्द्र - 79 |
| छात्र - 15618 | छात्र - 13814 |
| 01 मार्च से | 02 मार्च से |

**संवेदनशील परीक्षा केन्द्र - 06**

1. शासकीय मॉडल स्कूल कटनी।
2. शासकीय मॉडल स्कूल बहोरीबंद।
3. शासकीय मॉडल स्कूल ढीमरखेड़ा।
4. शासकीय मॉडल स्कूल विजयराघवगढ़।
5. शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय रीठी।
6. शासकीय उमा बालक विद्यालय बरही।
7. शासकीय मॉडल स्कूल बड़वारा।



**कटनी, यशभारत।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षाएं कल 1 मार्च से शुरू हो रही हैं। परीक्षाओं को लेकर जिले में शिक्षा विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। कल 1 मार्च को हाईस्कूल कक्षा दसवीं का हिन्दी विषय का प्रश्न पत्र होगा। इसी मतरह 2 मार्च को हिन्दी विषय के प्रश्न पत्र के साथ ही हायर सेकेंडरी कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। जिले में इस बार बोर्ड परीक्षा में 29 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। कक्षा दसवीं के लिए 96 एवं कक्षा बारहवीं के लिए 79 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमे से 7 परीक्षा केन्द्र संवदेनशील हैं, जहां पुलिस जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षाओं को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए माशिमं ने नए निर्देश जारी किए हैं। जिला स्तर पर शिक्षा विभाग द्वारा इन निर्देशों का पालन करते हुए तैयारियां की जा रही हैं। उड़नदस्तों का भी गठन किया गया है, जो पूरे समय केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे। जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कल 1 मार्च से शुरू होने जा रही बोर्ड परीक्षाओं में इस बार कुल 29 हजार 432 छात्र सम्मिलत हो रहे हैं, जिसमे हाईस्कूल कक्षा दसवीं में 15 हजार 618 एवं हायर सेकेंडरी कक्षा बारहवीं में 14 हजार 814 छात्र शाामिल है। बताया जाता है कि इसमे नियमित, प्राईवेट एवं स्वाध्यायी छात्र शामिल हैं।

### इनका कहना है

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देश पर जिले में कल से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। परीक्षा केन्द्रों में पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षाओं के दौरान किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। संवेदनशील केन्द्रों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

-पी पी सिंह
जिला शिक्षा अधिकारी

### 7 परीक्षा केन्द्र संवेदनशील, रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हर साल की तरह इस साल भी जिले के कुछ केन्द्रों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है, जहां शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे। इसमे शासकीय मॉडल स्कूल कटनी, शासकीय मॉडल स्कूल बहोरीबंद, शासकीय मॉडल स्कूल विजयराघवगढ़, शासकीय मॉडल स्कूल ढीमरखेड़ा, शासकीय मॉडल स्कूल बड़वारा, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीठी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक बालक विद्यालय बरही शामिल है। बताया जाता है कि इन संवेदनशील केन्द्रों में प्राईवेट छात्र बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

### इस बार 4 सेट के होंगे प्रश्न पत्र, 20 की बजाय 32 पेजों की होगी उत्तर पुस्तिका

माध्यमिक शिक्षा मंडल माशिमं की 10 वीं व 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में इस बार परीक्षा पैटर्न में कुछ बदलाव किया गया है। इस बार सीबीएसई की तर्ज पर प्रश्नपत्रों के चार सेट तैयार किए गए हैं, हालांकि प्रश्नों का पैटर्न एक जैसा होगा, बस क्रम बदला रहेगा। इससे नकल की संभावना कम होगी। इसके अतिरिक्त एक ओर बदलाव किया गया है। इस बार 32 पेजों की उत्तरपुस्तिका होगी, जिससे विद्यार्थियों को अतिरिक्त कॉपी लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अभी तक 20 पेज की उत्तरपुस्तिका दी जाती थी, जिससे विद्यार्थियों को अतिरिक्त कॉपी लेनी पड़ती थी।

### नकल रोकने के लिए उड़नदस्तों का गठन

10वी एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर सख्ती से लगाम लगाने के लिए उड़नदस्तों का भी गठन किया गया है। हर साल की तरह इस बार भी दो उड़नदस्तों का गठन किया गया है, जिसमे पहले उड़नदस्ते में प्रशासनिक अधिकारियों और दूसरे उड़नदस्ते में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। प्रशासनिक उड़नदस्ते में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को शामिल किया जा रहा है। जो केन्द्रों में अचानक पहुंचकर निरीक्षण करेंगे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी लगाने के लिए भी कहा गया है।



# तीन दिन में पूरी नहीं हुई जांच, मांगा अतिरिक्त समय

**जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु विंग में अग्निकांड का मामला**

कटनी, यशभारत। जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु विंग में विगत 20 फरवरी को हुई आगजनी की घटना की जांच अब तक पूरी नहीं हो पाई है। अस्पताल में आग के कारणों का पता लगाने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद ने 21 फरवरी को आदेश जारी कर टीम गठित की थी। टीम को तीन दिन में जांच रिपोर्ट सौंपनी था लेकिन टीम अभी तक जांच पूरी नहीं कर पाई है और कलेक्टर को पत्र लिखकर 3 दिन का समय मांगा गया है। प्रश्न यह है कि अस्पताल में लगी आग की जांच के अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना भी किया था, इसके बाद भी अभी तक इसकी जांच पूरी नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक एसडीएम ने प्राथमिक तथ्यात्मक प्रतिवेदन, मौके की वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन विद्युत भवन के विद्युत अंकेक्षण, फायर सेफ्टी एवं अन्य कारणों की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के लिए 3 दिवस का और समय दिए जाने मांग की है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने जांच के लिए 6 सदस्यीय जांच टीम गठित की थी, इसमें एसडीएम प्रिया चंद्रावत, अधीक्षण यंत्री अयूब खान, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग हरि सिंह, सीएमएचओ डॉ प्रदीप मुढ़िया, वी के गौतम अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग, उपयंत्री राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजेश डोंगरे सहित विद्युत सुरक्षा सब इंजीनियर ज्योति यादव द्वारा की जा रही है। यह जांच टीम नगर निगमए, पीआइयू व जिला चिकित्सालय के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा फायर सेफ्टी के संबंध में किए गए उपायों की जांच करनी थी। गौरतलब है कि जिला चिकित्सालय के नवीन भवन के प्रथम तल में स्थित प्रसव कक्ष में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी, जिसके विस्तृत कारणों व सुधारात्मक कार्रवाई के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिला चिकित्सालय के नवीन भवन के विद्युत अंकेक्षण, फायर सेफ्टी एवं अन्य कारणों की जांच किए जाने के लिए 6 सदस्यीय जांच दल का गठन किया था।

### सूखे कंठ तर करने की तैयारी



फाल्गुन माह शुरू होते ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। इन दिनों जंगल में लाल टेसू के फूल भी दिखाई देने लगे हैं। गर्मी में लोगों के सूखे कंठ तर करने की तैयारियां शुरू हो गई है। कुम्हारों द्वारा हर साल की तरह इस साल भी मिट्‌टी के मटकों का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ही ये शहर में दिखाई देंगे।

# बार-बार निरस्त हो रहे स्ट्रीट लाइट खरीदने के टेंडर

### कांग्रेस पार्षद दल ने लगाया कमीशनबाजी का आरोप, आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर कहा : विकास कार्यों में विलम्ब बर्दाश्त नहीं

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम में नई नगर सरकार को अस्तित्व में आए 6 माह से भी अधिक का समय व्यतीत हो चुका है, लेकिन समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। वार्डों में स्ट्रीट लाइट सुधार के लिए आवश्यक सामान नहीं है और कमीशनबाजी के चलते स्ट्रीट लाइट का सामान मंगवाने के टेंडर को बार-बार निरस्त किया जा रहा है। पानी की समस्या के लिए नगर निगम द्वारा कोई प्रभावी कदम नही उठाए जा रहे। कांग्रेस पार्षद दल ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस का सामान मंगवाकर बंद लाइटों का सुधार कार्य किया जाए और खंभों में नई स्ट्रीट लाइट लगाई जाए। कांग्रेस पार्षद दल ने टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।



पार्षद मिथलेश जैन ने आयुक्त को चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यों में विलम्ब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। गर्मी शुरू होने वाली है और नगर निगम द्वारा वार्डो में बोरिंग कराई नही जा रही है और टैंकर से पानी सप्लाई किए जाने की भी कोई व्यवस्था नहीं हो पाई है। कांग्रेस पार्षद दल ने चेतावनी दी है कि मांगों पर कार्यवाही नहीं होती है तो नगर निगम का घेराव कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष रागिनी गुप्ता, राजकिशोर यादव, पार्षद वंदना यादव, संदीप यादव, फामीदा आफ्ताब, कमलेश चौधरी, सुनीता चौधरी, मनोज गुप्ता, अर्चना जायसवाल, अजरा शाहीन, नन्ही बाई गौंटिया, रमेश सोनी, अज्जू सोनी, दानिश अहमद आदि उपस्थित रहे।

# आज शोभायात्रा, कल विशाल भंडारे का आयोजन

### सांई मंदिर में मनाया जा रहा स्थापना दिवस

**कटनी, यशभारत।** श्री साई दरबार समिति, पहरुआ मंडी रोड में सांई बाबा की स्थापना दिवस पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक आज 28 फरवरी मंगलवार दोपहर 1 बजे से सांई बाबा की भव्य शोभायात्रा के साथ ही धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। श्री साई शोभायात्रा दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर कमानिया गेट से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री साई दरबार, पहरुआ मंडी पहुंचकर सम्पन्न होगी। कल 1 मार्च बुधवार को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा आयोजित किया गया है। इसी कड़ी में शाम को श्री साई बाबा जी को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे और महाआरती की जाएगी। साई दरबार समिति ने सभी साई भक्तों एवं श्रद्धालुओं से धार्मिक कार्यक्रमों में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

# पहले मैच में 6 विकेट से जीती लखनऊ

### फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में अखिल भारतीय महापौर चेलेंज कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**कटनी, यशभारत।** नगर निगम के तत्वाधान में कल से फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में शुरू हुए अभा महापौर चेलेंज कप क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मुकाबला जबलपुर डिवीजन एवं लखनऊ के बीच खेला गया। जिसमे जबलपुर के कप्तान जफर अनवर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जबलपुर की पूरी टीम 23.3 ओवर में 116 रन बनाकर आउट हो गई। जबलपुर की ओर से कप्तान जफर अनवर ने सर्वाधिक 31 रन, हिमांशु दाहिया ने 18 एवं संचित जैन ने 13 रन बनाए। लखनऊ की ओर से मंटू, क्षितिज मिश्रा एवं सजल वर्मा ने तीन-तीन एवं मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1 विकेट लिया। जबावी पारी खेलने उतरी लखनऊ की टीम ने 16.1 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 120 रन बनाकर जबलपुर डिवीजन को 6 विकेट से हराकर टूर्नामेंट के अगले राउंड में प्रवेश किया। लखनऊ की ओर से शुभम यादव ने सर्वाधिक 34, शुभम राय ने 22 एवं हिमांशु सिंह ने 16 रन बनाए। जबलपुर डिवीजन की ओर से मंगेश यादव ने 2, रवि मंडलोई एवं अंचित ठाकुर ने एक-एक विकेट लिया। आज को पंजाब और वेस्ट सेंट्रल रेलवे भोपाल के बीच मैच खेला जा रहा है। मैच में अपायरिंग बीसीआई लेबल वन के अंपायर संदीप बक्श एवं उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के रजिस्टर्ड अंपायर सारिक उस्मानी ने की। कामेंट्री पर हरीशंकर बाजपेयी रहे। ऑनलाइन स्कोरिंग शशांक निषाद द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ खिलाड़ी राजीव अग्निहोत्री मुन्ना भैया समाजसेवी संजीव सूरी, डीसीए के सचिव राजेश डेविड, विभाष पाटिल, राजू बरसैंया, राजेश पटेल, राकेश सोनी, मृणाल बैनर्जी, हरीशंकर बाजपेयी, अंतिम गुप्ता, विजय रजक, विकास रजक, रिंकू बनाफर, विनीत सिंह बघेल उपस्थित रहे। इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को 2 लाख रूपए एवं उपविजेता टीम को एक लाख रूपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा टीमों और खिलाड़ियों को महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा डेढ़ लाख रूपए के व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। टूर्नामेंट में देश की नामचीन टीमें लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, इंदौर, जबलपुर, पंजाब, बनखेड़ी, नागपुर, दिल्ली एवं कटनी की टीमें भाग ले रही हैं। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने शहर के खेल प्रेमियों से फारेस्टर प्लेग्राउण्ड पहुंचकर मैचों का लुत्फ उठाने एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

# देश के सच्चे प्रहरी एनएसएस के स्वयंसेवक



**कटनी, यशभारत।** मानव जीवन विकास समिति बिजौरी में तिलक कॉलेज प्राचार्य सुधीर खरे की अगुवाई में एनएसएस महिला इकाई के कार्यक्रम प्रभारी डॉ माधुरी गर्ग के नेतृत्व में 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। समापन सत्र में पद्‌मेश गौतम, प्रोफेसर डॉ चित्रा प्रभात, डॉ उर्मिला दुबे, डॉ आरपी सिंह, निर्भय सिंह, सरपंच गोपाल सिंह, अंजना सिंह, राम किशोर चौधरी, चंद्रपाल कुशवाहा, अभय कुमार पटेल, राधिका तिवारी, सोनम, रोशनी, महेन्द्र, सुखचैन, दयाशंकर यादव की उपस्थिति रही। स्वामी विवेकानंद के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुये दीप प्रज्जवलन किया गया। शिविरार्थी संचिता तिवारी द्वारा वंदना गायन के साथ स्वागत पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग शिविर का प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया। मुख्य अतिथि ने कहा कि एनएसएस स्वयं देश के सच्चे प्रहरी है।

### नेता प्रतिपक्ष ने लगाया विकास यात्रा में शासकीय राशि का दुरुपयोग

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रागिनी मनोज गुप्ता ने विकास यात्रा को भाजपा का प्रचार-प्रसार अभियान बताया है, जिसमें विधानसभा के चुनाव पूर्व सरकार की छबि सुधारने के लिए जमकर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। आलम ये है कि नगर निगम के अधिकारियों द्वारा सत्ताधारी दल के नेताओं को खुश करने के लिए नियमों को ताक पर रखकर उन कार्यों के भी शिलालेख तैयार कराए जा रहे है, जिनके कार्य करने के आदेश तक संबंधित ठेकेदार को नहीं मिले हैं और नियम विपरीत उन कार्यों का भूमि पूजन भी कर दिया है और उक्त कार्य में फर्जी शिलालेख तैयार करने में शासन की राशि का जमकर दुरुपयोग हो रहा है और नियम विरुद्ध शिलालेख में संबंधित वार्ड पार्षद को न बुलाकर भाजपा नेताओं के नाम शिलालेख में लिखवाकर उनका महिमा मण्डन किया जा रहा है।

## कार्यालय नगर पालिक निगम मुड़वारा कटनी (म.प्र.)

क्र.-5446/मुख्य स्टोर्स/2022-23 कटनी, दिनांक 24.02.2023

### निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा सड़क प्रकाश व्यवस्था अंतर्गत विद्युत सामग्री क्रय करने हेतु निर्माताओं, कम्पनी द्वारा अधिकृत डीलरों/विक्रेताओं से ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं https://mptenders.gov.in पर Key Date and Time अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। समस्त शर्तें एवं जानकारी मुख्य स्टोर के कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा पोर्टल https://mptenders.gov.in में देखी जा सकती है। सामग्री की मात्र कम या अधिक हो सकती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | मात्रा | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | अमानत राशि (रुपये में) | अनुमानित व्यय राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्युत सामग्री | आवश्यकतानुसार | 10,000/- | 40,763/- | 54,35,000.00 |

नोट -
1. निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि- 27.02.2023 सायंकाल 05.30 बजे से।
2. निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 14.03.2023 सायंकाल 05.30 बजे तक।
3. निविदा दाता द्वारा प्रस्तुत बिड खोलने की तिथि- 16.03.2023 प्रात:काल 11.00 बजे से।
4. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ ऑनलाइन किया जावेगा।

प्राधकृत अधिकारी
नगर पालिक निगम कटनी

# रीठी में सांई बाबा का अभिषेक, पूजा अर्चना के उपरांत महाआरती



कटनी, यशभारत। राजीव गांधी महाविद्यालय रीठी स्थित सांई सिद्ध मन्दिर की पंचम वर्षगांठ कल सोमवार को अपार उत्साह एवं हर्ष उल्लास के बीच मनाई गई। इस अवसर पर सुबह 11 बजे से सांई बाबा का अभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया गया, इसके उपरांत पूर्णाहूति हवन एवं महाआरती की गई। इस दौरान आर्केस्ट्रा माइकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर पूरे माहौल को धर्ममय बना दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में श्रीमती शांता सिंह, नरेश सिंह, डॉ. राजेन्द्र राजपूत, महेन्द्र राजपूत, डॉ. सुरेन्द्र राजपूत, डॉ मनोज खरे, वीरेन्द्र राजपूत, श्रीमती ज्योति राजपूत, मंजू सिंह, लक्ष्मी राजपूत, जूनी राजपूत, आशीष सोनी, आशीष रैकवार, विनय दीक्षित, ज्योति दीक्षित, सौम्या रांधेलिया, अनुराग त्रिसोलिया, शैलेन्द्र कुशवाहा, राकेश जैन, नवनीत गुप्ता, राकेश तिवारी, लक्ष्य राजपूत, विपिन तिवारी, भोला प्रसाद, भानु प्रसाद मिश्रा सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्रों की उपस्थिति रही।

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी,
मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलटी स्वास्थ्य सेवाएं
नागपुर, दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक
कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध
एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी
डॉ. एस.के.गुप्ता - दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन
डॉ. एस.के.सिंह - कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ तथा जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. पंकज गुप्ता - M.B.B.S., M.S. (ORTHO) फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशिलटी सुविधायें 24 घंटे उपलब्ध है: CT Scan, M.R.I., एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, दूरबीन सर्जरी, डायलसिस
डॉ. रवि कुमार - M.B.B.S., M.D. (MEDICINE) कंसलटेंट फिजिशियन
डॉ.मानसी गुप्ता - मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुचित्रा - स्त्री रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशलिस्ट
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer @99/- Available On All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow
From 17th February 2023




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

## कमलनाथ बोले-शिवराज ने 20 दिन में 12 हजार करोड़ की घोषणाएं की

# शिवराज सरकार से 18 साल का हिसाब मांगेगी कांग्रेस

**भोपाल, यशमध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस पार्टी प्रदेश की शिवराज सरकार से भाजपा के 18 साल के शासन हिसाब मांगेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के आवास पर सोमवार देर शाम कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से यह फैसला किया गया। बैठक में कमलनाथ ने आरोप लगाया कि शिवराज सिंह चौहान लगातार झूठी घोषणाएं कर रहे हैं, लेकिन यह नहीं बताते कि इन घोषणाओं पर अमल क्यों नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 20 दिन में शिवराज सिंह ने 12 हजार करोड़ की योजनाओं की घोषणा की है, लेकिन इन्हें अमल में लाने के लिए बजट का प्रावधान नहीं है। इसी अवधि में सरकार ने 10 हजार करोड़ से ज्यादा का कर्ज ले लिया है।**



बैठक के बाद पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोट और विधायक विनय सक्सेना ने कहा कि बैठक में फैसला किया गया है कि शिवराज सरकार के इस अंतिम बजट सत्र में उनके कार्यकाल का हिसाब लिया जाएगा। शिवराज सरकार ने कमलनाथ सरकार के दौरान शुरू की गई कई जन कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी हैं। आदिवासी, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, महिलाओं और बेरोजगारों के लिए कमलनाथ सरकार में जो काम शुरू किए गए थे, उन्हें शिवराज सरकार ने बंद कर दिया।

बैठक को नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति ने भी संबोधित किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी व कांतिलाल भूरिया भी बैठक में मौजूद रहे।

उन्होंने पूछा कि इस बार प्रदेश सरकार विधायकों को टैबलेट में बजट उपलब्ध करा रही है, लेकिन हमारा सवाल है कि शिवराज सरकार के पास ऐसी कौन सी टैबलेट है, जिससे वे जनता को राहत पहुंचाएंगे। शिवराज सरकार में मध्यप्रदेश बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, आदिवासी अत्याचार और कर्ज लेने में नंबर वन बनता जा रहा है।बैठक को नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, तरुण भनोट, बाला बच्चन, जीतू पटवारी, संजय यादव सहित कई विधायकों ने संबोधित किया। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी व कांतिलाल भूरिया सहित कांग्रेस विधायक मौजूद थे।

### बयानबाजी पर विधायक रहें सतर्क

मध्यप्रदेश कांग्रेस में अक्सर होने वाली बयानबाजी को लेकर केन्द्रीय नेतृत्व ने सख्ती दिखाई है। मुख्यमंत्री पद को लेकर बीते दिनों हुई बयानबाजी को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। छत्तीसग? की राजधानी रायपुर में हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में बेवजह विरोधाभाषी बयानबाजी करने वाले नेताओं को हिदायत दी गई है। विधायक दल की बैठक में शामिल होने पहुंचे पूर्व मंत्री और कांग्रेस के सीनियर लीडर सज्जन सिंह वर्मा ने कहा- जो लोग बयानबाजी करते हैं, इस पर रोक लगाई जाएगी। इससे पार्टी डैमेज होती है। यह आलोचना का नहीं, चिंतन का समय है। कर्म को करके दिखाने का समय है। चाहे कितने भी बड़े कद का नेता हो। अनावश्यक बयान बाजी ना करें।

## कमल नाथ बोले, मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को प्रतिमाह देंगे भत्ता

भोपाल यशभारत। आगामी नवंबर महीने में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शिवराज सरकार का मास्टर स्ट्रोक मानी जा रही मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की काट में कांग्रेस निश्चित भत्ता योजना प्रस्तुत करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने सोमवार को मीडिया से चर्चा में कहा कि सरकार में आने पर हम महिलाओं को भत्ता देंगे। हालांकि, यह कितना होगा, इसका खुलासा नहीं किया गया है। शिवराज सरकार ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा की है। प्रदेश में दो करोड़ 60 लाख 23 हजार 733 महिला मतदाता हैं।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़े वर्ग को साधने के लिए लाड़ली बहना योजना लागू करने की निर्णय लिया है। इसमें 23 से 60 वर्ष तक की विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। प्रारंभिक आकलन के अनुसार एक करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह योजना का लाभ मिलेगा। इसे विधानसभा चुनाव के नजरिये से बड़ा कदम माना जा रहा है। कांग्रेस ने इसकी काट के लिए प्रतिमाह निश्चित भत्ता देने की योजना लाने का दावा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने

## न्यूज ब्रीफ

### मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा संगठन ने शुरू की तैयारी

■ भोपाल, यशभारत।

लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा चुनाव है, 240 दिन शेष बचे हैं। दो तिहाई मतों से विजय हासिल करनी है। इसके लिए हर मोर्चा ऐसे कार्यक्रमों की योजना बनाए, जिसकी समाज में चर्चा हो। जनता से सीधे जुड़ाव वाली कार्ययोजनाओं को प्राथमिकता में रखें। यह बात सोमवार को भोपाल में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने सात मोर्चों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर मोर्चा योजनाओं के आधार पर हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें भाजपा से जो?। प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने कहा कि पिछले चुनाव में हमारा वोट शेयर 41 प्रतिशत था, इसे बढ़ाकर 51 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि सभी मोर्चा अपने-अपने क्षेत्र में योजनाओं के माध्यम से समाज के बीच पहुंचे। एडवांस प्लानिंग कर उसे बूथ स्तर तक ले जाएं और अधिक से अधिक प्रवास करें। आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के साथ बूथ विस्तारक अभियान-2 में भी मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि हितग्राही वर्गों के श्रेणी अनुसार सभी मोर्चा लाभार्थी सम्मेलन आयोजित करेंगे। मध्य प्रदेश में 30 लाख से अधिक नवमतदाता हैं।

### तीन मार्च से होगी शुरू,पटना जाने के लिए तीन-तीन ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन

■ भोपाल, यशभारत।

होली के चलते लगातार ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के लिए रेलवे ने डॉ.अम्बेडकर नगर-पटना के मध्य तीन-तीन ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। इसमें गाड़ी संख्या 09343 डॉ. अम्बेडकर नगर-पटना होली स्पेशल ट्रेन 3. 10 एवं 17 मार्च (शुक्रवार) को डॉ. अम्बेडकर नगर स्टेशन से सुबह 5.05 बजे प्रस्थान कर सुबह 8.28 बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचेगी। फिरअगले दिन सुबह 4 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09344 पटना-डॉ. अम्बेडकर नगर होली स्पेशल ट्रेन 4, 11 एवं 18 मार्च (शनिवार) को पटना स्टेशन से सुबह 7.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन, रात 1.53 बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचेगी। यह ट्रेन सुबह 6.15 बजे डॉ. अम्बेडकर नगर स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में इंदौर, देवास, मक्सी, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मु?वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।

### कलियासोत-केरवा में बढ़ेगी ट्रैप कैमरों की संख्या, खरीदा जाएगा नया गश्त वाहन

■ भोपाल, यशभारत।

कलियासोत और केरवा में लगातार घूम रहे बाघों पर बारीकी से नजर रखने के लिए वन क्षेत्र में ट्रैप कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए पुराने हो चुके गश्त वाहन की जगह नया गश्त वाहन भी खरीदा जाएगा। रविवार को डीएफओ भोपाल के साथ कलियासोत और केरवा वन क्षेत्र में वन्य प्राणियों की सुरक्षा में लगे वनरक्षकों की परेशानियां जानने के बाद सुझावों के आधार पर जंगल में सुरक्षा के लिए नए उपकरण खरीदने पर सहमति बनी।डीएफओ गर्मी के मौसम में जंगल में लगने वाली आग की रोकथाम को लेकर कर्मचारियों की बैठक ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को साफ कर दिया कि गर्मी के दौरान गश्त में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ज्यादातर ग्राहक युवा

# क्राइम ब्रांच ने सात दिन में मादक पदार्थ एमडीएमए की दो खेप पकड़ीं

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में इन दिनों छात्रों और युवाओं की मांग पर एमडीएमए नाम का अतिउत्तेजक मादक पदार्थ उतराखंड से तस्करी कर खपाया जा रहा है। क्राइम ब्रांच ने एक हफ्ते में ऐसे तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर इसका राजफाश किया है। अब उस गिरोह की तलाश की जा रही है, जो इन लोगों को मादक पदार्थ भेज रहा है। इसके लिए इंटरनेट मीडिया का उपयोग किया जा रहा है। यह अति उत्तेजक एमडीएमए आसानी से नहीं मिलता है, इसलिए इसकी अचानक से तस्करी बढ़ने से क्राइम ब्रांच भी चिंतित है।अधिकारियों के मुताबिक रविवार रात क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि एक युवक गोविंदपुरा दशहरा मैदान की सीढ़ियों पर बैठा है और किसी का इंतजार कर रहा है। इस पर दो टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस को




देखक युवक भागने लगा तो घेराबंदी कर उसे पकड़ा और क्राइम ब्रांच थाने लाया गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपित मादक पदार्थ तस्कर है। उसकी तलाशी लेने पर पुलिस को चमकीला सा क्रिस्टलनुमा दानेदार पदार्थ मिला। चेक करने पर वह एमडीएमए नाम का मादक पदार्थ निकला। आरोपित सिद्धार्थ राव (28) निवासी बालाजी नगर जेके रोड के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में एफआइआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया। आरोपित ने बिजनेस प्रबंधन की पढ़ाई की है। फिलहाल एक कंपनी में मार्केटिंग का काम कर रहा है।

**इंटरनेट मीडिया पर करता है संपर्क**

आरोपित ने पूछताछ में बताया कि वह अपने दोस्तों के लिए यह एमडीएमए उतराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ से मंगवाता है। वह दोस्त को संदेश भेजता है तो वह कभी कोरियर तो कभी अन्य जरिए से भोपाल भेज देता है। पुलिस अब उस आरोपित की तलाश में लगी है। 20 फरवरी को पुलिस ने सोएब बेलिम और आकाश शुक्ला नाम के दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से करीब 15 ग्राम एमडीएमए मिला था। अब पुलिस को सात ग्राम एमडीएमए मिला है। दोनों तस्करों की लिंक उतराखंड ही मिली है। एमडीएमए अति उत्तेजक मादक पदार्थ है। इससे 40 से 45 मिनट में नशा चढ़ने लगता है। इसका नशा करने वालों में ज्यादातर छात्र और युवा हैं, इसलिए इसकी मांग ज्यादा रहती है।



## शान के लिए नहीं, जान के लिये पहना जाता है स्पेससूट- सारिका घारू

■ भोपाल, यशभारत।

भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान में चंद्रयान, मंगलयान की सफलता के बाद अब गगनयान की तैयारियां जारी है। अंतरिक्ष अभियानों में अंतरिक्ष यात्री द्वारा पहने जाने स्पेससूट सिर्फ मोटे कपड़े नहीं हैं, बल्कि ये मानव के आकार का लघुयान की तरह होता है। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने स्पेससूट का साइंस बच्चों को समझाया। सारिका ने बताया कि स्पेससूट दो प्रकार के होते हैं। पहले का उपयोग धरती से अंतरिक्ष में जाने और फिर लौटने के लिए किया जाता है। दूसरा, स्पेसवाक के लिए उपयोग किया जाता है।सारिका ने बताया कि स्पेससूट में कपड़ा में लगभग 300 फीट पानी की नलियों को बुना जाता है। इनमें अंतरिक्ष यात्री की त्वचा के पास ठंडा पानी बहता है। स्पेससूट में दस्ताने इस प्रकार होते हैं कि उंगलियां अच्छे से हिला सकें। इनमें हीटर लगे होते हैं जो उंगलियों को गर्म रखते हैं।

## डाक्टर के घर का ताला तोड़कर जेवरात सहित ढाई लाख की चोरी

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के पिपलानी इलाके में एक डाक्टर के घर का ताला तोड़कर चोरी का मामला सामने आया है। घटना के समय डाक्टर शादी में परिवार के साथ गए थे। इस दौरान चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात के साथ करीब ढाई लाख का सामान चोरी कर लिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने चोरी की एफआइआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पिपलानी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 52 बी गोपाल नगर पिपलानी में रहने वाले 28 साल के मनीष कुमार जनरल फिजिशियन हैं। वह 22 फरवरी को रात करीब नौ बजे घर का ताला लगाकर परिवार को साथ छोला इलाके में शादी में गए थे। रात करीब ढाई बजे जब वह वापस लौटे तो घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। चेक करने पर सोने-चांदी के जेवरात चोरी होने का पता चला। पुलिस आवासीय परिसर से पीतल के नोजल चोरी इधर, गोविंदपुरा में पुलिस



आवासीय परिसर निवासी 47 वर्षीय बोहरन सिंह ने शिकायत में बताया कि कालोनी के ब्लाक तीन में फायर सेफ्टी सिस्टम लगे हैं। इनकी संख्या 264 है। इनके पाइप में पीतल के नोजल लगे थे। 25 फरवरी को कुछ पुलिस कर्मियों ने देखा कि फायर सेफ्टी सिस्टम के अधिकांश नोजल चोरी हो गए।

## एमबीए की छात्रा की आत्महत्या, स्टेटस में लिखा- सुसाइड करना कायरों का काम नहीं

**भोपाल , यशभारत।** भोपाल के अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एमबीए की एक छात्रा का शव फंदे पर लटका मिला है। उसके माता-पिता और भाई की बीमारी से पहले ही मौत हो चुकी है। उसके यहां मृदुल शर्मा नाम के युवक का आना-जाना था। मृदुल उसका दोस्त है। उसी ने पुलिस को सूचना दी। हालांकि, मृदुल ही मृतका का मोबाइल लेकर थाने पहुंचा था। पुलिस का तर्क है कि उसने दरवाजा तोड़कर शव बरामद किया है। पुलिस कह रही है कि युवती डिप्रेशन में थी। इस वजह से उसने आत्महत्या कर ली है। अयोध्या नगर पुलिस के अनुसार सिमरन मुद्गल पुत्री स्वर्गीय संतोष मद्गल (25) अभिनव होम्स, फेज-3 में रहती थी। एक निजी कॉलेज से एमबीए कर रही थी। रविवार को छात्रा घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। फोन रिसीव नहीं होने पर सिमरन का दोस्त मृदुल शर्मा जब उसके घर पहुंचा तो वह फंदे पर लटकी हुई थी। इसके बाद मृदुल ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## पहले दिन नहीं आया एक भी आवेदन

# शराब दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू

■ भोपाल, यशभारत।

।जिले में शराब दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया सोमवार से शुरू की गई है, लेकिन पहले दिन ही एक भी आवेदन नहीं आया है। इसके लिए आबकारी अधिकारी देर शाम तक इंतजार करते रहे। अब आबकारी विभाग ने मंगलवार को ठेकेदारों के साथ बैठक बुलाई है। इस दौरान आबकारी अधिकारी ठेकेदारों को नई आबकारी नीति के बारे में समझाएंगे। बता दें कि जिले की 90 शराब दुकानों में से तीन दुकानों को छोड़कर शेष 87 दुकानों के नवीनीकरण, लाटरी और ठेकों की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए आबकारी ने शासन को प्रस्ताव भी भेज दिया है।

### यह है प्रक्रिया

- नवीनीकरण के लिए आवेदन फार्म तीन मार्च तक जमा किए जा सकेंगे।



- नवीनीकरण के आवेदन पत्र सहित शराब दुकानों के एकल समूहों पर इच्छुक पात्र आवेदक को लाटरी आवेदन पत्र की बिक्री छह मार्च को की जाएगी। - पात्र आवेदकों द्वारा दुकानों की लाटरी के लिए आवेदन छह से नौ मार्च तक किए जा सकेंगे।

- नवीनीकरण तथा लाटरी के लिए आए आवेदनों का जिला समिति द्वारा परीक्षण कर 10 मार्च को ठेके जारी होंगे।- आनलाइन टेंडर की प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च को दोपहर दो बजे तक चलेगी। ढाई बजे के बाद टेंडर खुल जाएंगे।

## 27 एंड बियांड : इम्पोर्टेंस एंड की लर्निंग

# जंगल बचाने के लिए एप्को और डब्ल्यूआरआइ इंडिया के बीच हुआ अनुबंध

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में सोमवार को जलवायु परिवर्तन और वन सरंक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय च्चालेज शेयरिंग आन काप-27 एंड बियांड- इम्पोर्टेंस एंड की लर्निंगज्था। यहां पिछले वर्ष नवंबर में मिस्र में हुए जलवायु परिवर्तन सम्मेलन सीओपी-27 के मुख्य बिंदुओं पर बात की गई। इसके साथ ही वक्ताओं ने प्रजेंटेशन के जरिए जलवायु परिवर्तन और उसके परिणामों पर भी बातचीत की। इस दौरान वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट इंडिया (डब्ल्यूआरआई) और एप्को के बीच एक एमओयू साइन किया गया। इसके जरिए मध्यप्रदेश में अगले 5 साल तक जलवायु परिवर्तन और जंगलों के संरक्षण संबंधी काम किए जाने पर ध्यान दिया जाएगा।इस कार्यशाला में एप्को के कार्यपालन संचालक मुजीबुर्रहमान खान ने डब्ल्यूआरआइ इंडिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं आशा करता



हूं कि एमओयू से राज्य में अगले पांच वर्ष में उपयोगी एवं सार्थक प्रयास किए जाएंगे। जिसके परिणामस्वरूप हम सस्टेनेबल और ग्रीन डेवलपमेंट की ओर परस्पर ठोस कदम बढ़ाएंगे। वहीं एप्को, राज्य एवं जिला स्तर पर डब्ल्यूआरआई इंडिया और संबंधित विभागों को समस्त प्रकार की संस्थागत एवं तकनीकी सहायता देना जारी रखेगा। कार्यशाला में राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र के समन्वयक लोकेन्द्र ठक्कर ने कहा कि एप्को मप्र शासन की विशिष्ट संस्था है, जो राज्य शासन को पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर परामर्श देने के साथ शोध अध्ययन, योजना कार्य तथा प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यशाला में भोपाल के प्रमुख अकादमिक संस्थानों और विषय विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। वक्ताओं ने प्रजेंटेशन के बीच यहां शामिल हुए लोगों से सवाल भी किए। कृषि, जल संसाधन, पर्यटन और ऊर्जा क्षेत्रों में बड़ी चुनौती ग्लोबल पालिटिकल स्ट्रेटेजी के हेड और कार्यशाला के मुख्य वक्ता हरजीत सिंह ने कार्यशाला में च्लास एंड डेमेज फंड और जलवायु परिवर्तन में सुधार लाने के लिए भारत किसी भी क्षतिपूर्ति का इस्तेमाल कैसे कर सकता हैज विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मप्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव ज्यादा पड़ने की संभावना है। ये कृषि, जल संसाधन, पर्यटन और ऊर्जा क्षेत्रों में एक बड़ी चुनौती रहेगी। फिलहाल जो नीतियां हैं उनके साथ हमें तकनीकी और वित्तीय संसाधनों की जरूरत है। इसके अलावा स्थानीय स्तर के समाधानों को बढ़ाने और पर्यावरण के अनुसार नीतियां बनाना भी




## भोपाल की रात हुई गर्म , न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस

■ भोपाल, यशभारत।

फरवरी का महीना जाते जाते उत्तर भारत में तेज गर्मी पड़ने लगी है। तेज धूप लोगों को अप्रैल-मई जैसे मौसम का एहसास करा रही है। मध्य प्रदेश में भी तापमान काफी बढ़ गया है, जिससे अभी से लोगों को पसीना आने लगा है। यहां बढ़ती गर्मी से लोगों को अभी से दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि गर्मी इसबार कई पुराने रिकार्ड को तोड़ने की तैयारियों में है। एमपी में रात का न्यूनतम तापमान भी 18 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। राज्य में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। प्रदेश के सभी जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस को पार पहुंच चुका है। एमपी के ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान भी 15 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा चला गया है ।



# शिविर लगाकर बनाये जा रहे आयुष्मान, संबल और ई-श्रम कार्ड

## कैमोर नगर परिषद की अभिनव पहल से लाभान्वित हो रहे हितग्राही

**कैमोर, यशभारत।** शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा फरवरी माह में ग्राम स्तर से लेकर नगर स्तर तक विकास यात्राओं का आयोजन किया गया। विकास यात्राओं की विशेषता यह रही कि इनमें जनप्रतिनिधियों के साथ- साथ प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल रहे। विकास यात्राओं के दौरान जहां अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया वहीं नागरिकों से प्राप्त समस्याओं के निराकरण की भी पहल की गई। कैमोर नगर परिषद के सभी 15 वार्डों में विकास यात्रा निकाली गई। विकास यात्रा के दौरान आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड एवं ई-श्रम कार्ड नहीं बन पाने की शिकायत मिली थी। अब विकास यात्राओं का दौर समाप्त हो गया पर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा के निर्देश पर मानवीय चेतना अदभुदय समिति की ममता यादव एवं उनकी टीम के सहयोग से अभी भी प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर नागरिकों के विभिन्न योजनाओं के कार्ड बनाये जा रहे।

नगर परिषद के सीएमओ धर्मेन्द्र शर्मा ने एक जानकारी में बताया कि नगर परिषद एवं मानवीय चेतना अदभुदय समिति के सहयोग से वार्डों में शिविरों के आयोजन का सिलसिला 13 फरवरी से शुरू किया गया था। शाशकीय अवकाश वाले दिनों को छोड़कर प्रतिदिन शिविर आयोजित किये जा रहे। सभी पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए एक वार्ड में दो-तीन दिन लगातार शिविर लग रहे। शिविर में आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड एवम ई-श्रम कार्ड बनाने किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा। अब तक आधा दर्जन से अधिक वार्डों में शिविर लगाकर 290 आयुष्मान कार्ड, 181 श्रमिक कार्ड और 146 संबल कार्ड बनाये जा चुके हैं। शिविरों का यह आयोजन अभी आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा एवं सीएमओ ने पात्र नागरिकों से शिविरों में पहुंचकर निःशुल्क कार्ड बनवाने का अनुरोध किया है।



### कबाड़ से जुगाड़ का अभिनव प्रयोग

नगर परिषद ने कबाड़ से जुगाड़ नाम का एक अभिनव प्रयोग शुरू किया है जिसमें नगर परिषद परिसर के कबाड़ में पड़ी बेकार सामग्री को सुंदर एवं आकर्षक रूप देकर उन्हें उपयोगी बनाया जा रहा। बच्चों की रचना शक्ति और चित्रकला समेत उनकी वैज्ञानिक प्रतिभा का विकास करने के उद्देश्य से यह कार्य स्कूली बच्चों से कराया जा रहा। उत्कर्ष कला प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुष्कार प्रदान कर इनका उत्साहवर्धन किया जा रहा। इसी कड़ी में नगर परिषद के स्टोर में पिछले 10 से पड़े झूलों और बेंचो का रंग रोगन कर अमरैयापार की शासकीय प्राथमिक शाला में लगाया गया है। परिषद की इस अभिनव पहल की लोग सराहना कर रहे।



# विकास यात्रा के अंतिम दिन 2 करोड़ 6 लाख 91 हजार के भूमिपूजन

### विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को मिला लाभ

**कटनी, यशभारत।** शासन की जन हितेषी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले तथा नगर की मूलभूत समस्याएं सड़क पानी बिजली नाली के निदान को लेकर निकाली जा रही विकास यात्रा शनिवार को नगर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से प्रारंभ हुई। विकास यात्रा नगरीय सीमा अंतर्गत 9 दिनों तक चली। विकास यात्रा पदयात्रा के रूप में चलकर शहर के हर वार्ड, मोहल्ला और गली में पहुंची।इस दौरान लोगों की समस्याओ को सुना जाकर उनका समाधान भी किया गया। विकास यात्रा हाउसिंग बोर्ड तिराहा नेहरू वार्ड पहुंची। इस दौरान मध्य प्रदेश शासन के लघु उद्योग निगम द्वारा बनाई जा रही औद्योगिक क्षेत्र बरगवां में 2 करोड़ 6 लाख 91 हजार रुपए की लागत से 1050 मीटर सीसी रोड एवं नाली का भूमिपूजन विधायक संदीप जायसवाल, महापौर प्रीति संजीव सूरी, नगर पालिक निगम अध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा उपस्थित जनों के साथ मिलकर किया। इस दौरान वार्ड के पार्षद शशिकांत तिवारी द्वारा यात्रा का स्वागत कर वार्ड की समस्याओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। नागरिकों की समस्याओं को सुना जाकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के करने के निर्देश उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए। विकास यात्रा हाउसिंग बोर्ड होते हुए इंदिरा नगर कॉलोनी के आंतरिक हिस्से का भ्रमण करने के पश्चात डन कॉलोनी में समापन किया गया। इस दौरान कॉलोनी के स्थानीय निवासियों द्वारा सड़क पानी नाली ब्रेकर जैसी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया जिनका समय पर निदान करने जनप्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया। विकास यात्रा के दौरान संतोष शुक्ला, अवकाश जायसवाल, शशीकांत तिवारी, सुरेंद्र गुप्ता, ओमेंद्र अहिरवार, यात्रा प्रभारी अश्वनी गौतम, रवि खरे, महेश शुक्ला, वागीश आनंद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।



विकास यात्रा के दौरान नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों को बताई समस्याएं, अधिकारियों ने दिए निराकरण के निर्देश

### वसुवैध कुटुम्बकम् पर आधारित रही थीम

# आईटीआई में आस पड़ोस युवा संसद का आयोजन



**कटनी, यशभारत।** नेहरु युवा केंद्र कटनी के तत्वाधान में शा. आई. टी.आई. कटनी के प्रांगण में ज़िला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अजय श्रीवास्तव महाप्रबंधक, जिला व्यापर उद्योग कटनी, सुदीप सहाने रिसर्च एसोसियेट कटनी, सुनील कुमार त्रिपाठी सहा. प्राध्यापक, शा. तिलक महाविद्यालय कटनी, डॉ. अजय कुमार ठाकुर सहा. प्राध्यापक, शा. तिलक महाविद्यालय कटनी, विवेक तिवारी प्रशिक्षण अधिकारी, शास. आई.टी.आई. कटनी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों के स्वागत उपरांत नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कु. कीर्तिका कुहर ने कार्यक्रम के बारे में बताया जैसा की आपको विदित है भारत जी-20 की इस वर्ष अध्यक्षता कर रहा है, जिसकी थीम वसुधैव कुटुम्बकम् या एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य् पर आज का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिस पर विषय विशेषज्ञो द्वारा 4 सत्रों में मिशन लाइफ पर्यावरण के लिए जीवन शैली जी-20 में भारत की अध्यक्षता एवं अमृत काल की शुरुआत अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 वाई-20 यूथ समिट भारत की भूमिका पर जानकारी दी जावेगी। कार्यक्रम के अतिथि अजय श्रीवास्तव महाप्रबंधक, जिला व्यापर उद्योग कटनी ने युवाओ को अपने संबोधन में कहा की यदि आपको जीवन में सफलता प्राप्त करना है, तो अपना लक्ष्य निर्धारित करे द्य उन्होंने नेहरु युवा केंद्र कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाए एवं बधाई दी। प्रथम सत्र में डॉ. अजय कुमार ठाकुर सहा. प्राध्यापक, शा. तिलक महाविद्यालय कटनी ने युवाओ को व्यावहारिक, सरल जीवन शैली, जल वायु परिवर्तन और आपदा जोखिम में कैसे कमी ला सकते है जानकारी दी।



# दिव्यांग शिविर में 471 बच्चों को किया गया लाभान्वित

### शिविर लगाकर दी गई सुविधाएं

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग बच्चों की शिक्षा एवं विकास हेतु सतत प्रयास किए जा रहे है। डी पी सी के के डहारिया ने बताया की विकास यात्रा के दौरान दिव्यांग बच्चों के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देशन में एलिम्को तथा साइटसेवर्स के सहयोग से 19 फरवरी से 25 फरवरी तक शिविर का आयोजन किया जाकर दिव्यांग बच्चो को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं उपकरण वितरण कर बच्चों को लाभान्वित किया गया है। आयोजित शिविर के दौरान नवीन प्रमाण पत्र 54, ट्रायसिकल 32, व्हीलचेयर 50, एल्बो क्रैच 18, एक्सिला क्रैच 04, रोलेटर 19, सी पी चेयर 27, एम एस आई ई डी किट 114, ब्रेल किट 20, ब्रेल स्लेट 20, ब्रेल केन 14, हियरिंग ऐड 156, लोवीजन किट 34, कैलिपर 97, आई डी किट वितरण 43 सामग्री वितरण की जाकर कुल 471 दिव्यांग बच्चों को लाभान्वित किया गया।

# सीईओ ने प्राथमिक शाला मुरावल का किया आकस्मिक निरीक्षण

### मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और बच्चों की उपस्थिति में सुधार के दिए निर्देश



**कटनी, यशभारत।** रीठी के प्राथमिक शाला मुरावल में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और कम भोजन मिलने की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जनपद पंचायत रीठी के सीईओ ज्ञानेन्द्र मिश्रा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला मुरावल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच कराई जाकर बच्चो को नियमित रूप से मीनू अनुसार ही भोजन प्रदाय करने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत रीठी द्वारा दिये निर्देश दिए। इस दौरान श्री मिश्रा द्वारा शाला में कुल अध्यनरत 52 बच्चो में से मौके पर मात्र 16 बच्चे ही उपस्थित रहने पर नारजगी जाहिर करते हुए बच्चो की उपस्थित में सुधार लाने के निर्देश उपस्थित शिक्षकों को दिए।



# स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में शहर बनेगा नंबर वन

### महापौर प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर शहर में चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान

**कटनी, यशभारत।** कटनी महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा शहर को स्वच्छता के उच्चतम पायदान पर ले जाने के लिए किए जा रहे सफल प्रयास का असर दिखाई देने लगा है इसी कड़ी में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर विभागीय अध्यक्ष सुभाष साहू के द्वारा शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है रविवार को शहर के अमीरगंज तालाब की सफाई जेसीबी मशीन के माध्यम से गई। एव इसके अलावा भी अन्य नाले साफकिए गए हैं। स्वच्छता को लेकर नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयास से आने वाले 2023 स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर को नंबर वन बनाने में कोई नहीं रोक सकता है। इस दौरान धन्य निरंकारी संस्था द्वारा भी श्रमदान कर तालाब की सफाई में सहयोग किया गया। सफाई अभियान में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा सराहनीय भूमिका निभाई जा रही है।


# 24 घंटे में हुआ श्रमिकों की शेष मजदूरी का भुगतान



**कटनी, यशभारत।** ग्राम पंचायत बड़वारा अंतर्गत जनपद की बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिको को पूर्व सरपंच गया प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा दस हजार रूपए की मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर शिकायत की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए गए। जिसके संबंध में कार्यवाही की जाकर पूर्व सरपंच श्री विश्वकर्मा से 16 श्रमिकों की बकाया मजदूरी दस हजार रुपए का आज भुगतान करा दिया गया है। मजदूरी का भुगतान होने पर श्रमिक रोशनी केवट, गंगा केवट, राजेश, राजकुमारी सहित अन्य श्रमिकों ने कलेक्टर अवि प्रसाद को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# 100 साल पुराने विश्राम गृह को किया जाएगा संरक्षित

### खितौली भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने लिया जायजा, विभाग को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**कटनी, यशभारत।** करीब 100 वर्ष पुराने ब्रिटिश शैली में बने खितौली ग्राम के विश्राम गृह को संरक्षित करने की पहल करते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद ने उसकी मरम्मत और रखरखाव के लिए इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश जल संसाधन विभाग को दिए हैं। शनिवार की देर शाम छात्रावास निरीक्षण दौरान खितौली पहुंचे कलेक्टर अवि प्रसाद ने गांव में एकांत में बने जल संसाधन विभाग के विश्राम गृह का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वे विश्राम गृह की निर्माण कला से प्रभावित हुए और इसे व्यवस्थित कर संरक्षित करने के निर्देश दिए।

### ब्रिटिश निर्माण कला का प्रतीक है विश्राम गृह

सन् 1923 में ब्रिटिश काल में निर्मित यह विश्राम गृह तत्कालीन स्टोन मशीनिरी से निर्मित अदभुत कला का प्रतीक है। पूरा भवन ब्रिटिश शैली में बना हुआ है जिसमें कमरों को गर्म करने के लिए चिमनी भी बनी है। भवन की निर्माण कला से प्रभावित कलेक्टर श्री प्रसाद ने इसकी उपेक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके बेहतर रखरखाव और मरम्मत के लिए इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। खितौली ग्राम के सुरम्य वातावरण में निर्मित यह विश्राम गृह शांति और सुकून का अद्भुत अनुभव देता है।

**एसीसी ट्रस्ट ने 14 ग्रामों के 18 किसानों को कराया कृषि विज्ञान केंद्र चित्रकूट और नाबार्ड की मझगवां परियोजना का भ्रमण**

# कृषि की नई तकनीक से अवगत हुए किसान







**कैमोर, यशभारत।** अडानी एसीसी ग्रुप के चीफमैन्युफैक्करिंग ऑफिसर सेंट्रल वैभव दीक्षित के मार्गदर्शन एवं एसीसी ट्रस्ट प्रमुख एनेट एफ विश्वास के निर्देशन में आजीविका संवर्धन की दिशा में जल संरक्षण एवं संवर्धनए उन्नत कृषि सूक्ष्म लघु उद्यम सहित कृषकों की क्षमता बढ़ाने अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे। इसी कड़ी में गत दिवस क्षेत्र के 14 ग्रामों के 18 किसानों को एसीसी ट्रस्ट एवं बाए, संस्थान के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र चित्रकूट उत्तर प्रदेश तथा नाबार्ड वाड़ी बाएफ परियोजना मझगवां का भ्रमण कराया गया। इन कृषि केंद्रों में पदस्थ कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील कृषकों ने क्षेत्र के किसानों को नवीन तकनीक के साथ उन्नत और लाभकारी खेती के बारे में बताया। इस भृमण से किसान अनेक नई जानकारी लेकर लौटे हैं। भ्रमण दल को एसीसी सीएसआर प्रबंधक श्रीमति ऐनेट एफबिश्वास की उपस्थिति में जनरल मैनेजर लॉजिस्टिक जितेन्द्र सनाढय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भ्रमण के दौरान कृषक दल को कृषि विज्ञान केंद्र चित्रकूट के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. विजय गौतम द्वारा कम लागत में होने वाली प्राकृतिक खेती, मोटे अनाज की खेती के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया और बारिकियो को दिखाया व समझाया। वर्तमान में बढ़ती बीमारियो के बीच ये मोटे अनाज हमे सुरक्षा देते है व हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाते हैं इस तरह की खेती हमारे पर्यावरण की सुरक्षा भी करती हैय इसके साथ ही कम लागत की खेती में अधिक लाभ कैसे प्राप्त करे इसके लिए उन्होंने उन्नत तकनीक के बारे में बताया। इसी क्रम में किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र में बागवानी, कृषि डेमो प्लाट, मोती केंद्र, मछली पालन केंद्र, बकरी पालन केंद्र, गाय पालन केंद्र, भैंस पालन एवम सुअर पालन केंद्रो का भ्रमण कराया गया एवं इससे संबंधित जानकारी व सलाह दी गई।

किसान नई सीख वा जानकारी पाकर बहुत उत्साहित हुए, साथ ही बाएफद्वारा संचालित नाबार्ड वाड़ी परियोजना मझगवां के प्रमोद शिंदे, शिवनारायण प्रजापति द्वारा ग्राम कुसियार, चितौरा जिला सतना के कृषक संतोष सिंह, बच्चा सिंह के यहां लगाई गई संयुक्त बाड़ी स्थल का भ्रमण कराया गया, जहां इन दो किसानों ने पानी की कमी के बावजूद भी अपनी एक एक के रकबे में बागवानी के पौधे लगाकर वर्ष में अंतर्वर्ती फसल से 52,000 रूपये की आय सृजन किया! इस प्रगतिशील किसान के यहां आने वाले एक साल में आम, आंवला, जामफल और काजू भी होने लगेंगे, जिससे एक साल में कम से कम डेढ़ से दो लाख की आय होगी।

इस किसान की बात सुनकर कैमोर के किसान काफी प्रभावित हुए इसके बाद ग्राम-अमीरती कृषक रामसजीवन मवाशी के बाड़ी स्थल का भ्रमण कराया गया जहां पर वाड़ी के साथ साथ गेंदे के फूल की खेती 20 डिसमिल में करके किसान ने लगभग 45000 रुपए कमाए। कैमोर से आए कृषक दल इससे प्रेरणा लेकर एक आदर्श कृषि मॉडल बनाने के लिए कृत संकल्पित हुए। इस अवसर पर सलैया कोहारी के किसान झल्लूराम पटेल, खलवारा के भारत बागरी एवं अमेहटा के सुरसरी उमलिया ने एसीसी और बाएफ का बहुत आभार प्रगट किया और धन्यवाद दिया उक्त भ्रमण पर किसानों का नेतृत्व बाएफसंस्था के कर्मचारी अनुपम चतुर्वेदी व देव सिंह द्वारा किया गया। यह पूरा भ्रमण कार्य उप प्रबंधक एसीसी ट्रस्ट पंकज द्विवेदी व परियोजना अधिकारी सीके गुप्ता के सतत मार्गदर्शन में किया गया।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट कल से

## स्टीव स्मिथ करेंगे कंगारू टीम की कप्तानी, जानें दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11



**इंदौर ईएमएस।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट एक मार्च से इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा। 4 मैचों की सीरीज के 2 मैच जीतकर भारत सीरीज में 2-0 से आगे है। तीसरा टेस्ट जीतने के साथ टीम इंडिया लगातार चौथी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत लेगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया इस मैच को जीतकर भारत में 19 सालों में दूसरी जीत दर्ज करना चाहेगा। भारत जहां अपनी फुल स्ट्रेंथ टीम लेकर उतरेगा तो वहीं कंगारू टीम के कप्तान पैट कमिंस पारिवारिक कारणों से ऑस्ट्रेलिया चले गए हैं। उनकी जगह उप कप्तान स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालेंगे। आगे स्टोरी में हम दोनों टीमों के हेड-टु-हेड रिकॉर्ड, पिच रिपोर्ट, वेदर कंडीशन और सीरीज के टॉप परफॉर्मर पर नजर डालेंगे।

### कमिंस की जगह स्मिथ करेंगे कप्तानी

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस पारिवारिक कारणों से ऑस्ट्रेलिया लौट गए। वह तीसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे। उनकी जगह उप कप्तान स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालेंगे। टीम मैनेजमेंट कमिंस की जगह मिचेल स्टार्क को टीम में शामिल कर सकती है। भारत में स्टार्क का बॉलिंग रिकॉर्ड तो कुछ खास नहीं है, लेकिन बैटिंग से उन्होंने यहां 4 टेस्ट में 263 से रन बनाए हैं। बॉलिंग से उन्हें इस दौरान 7 ही विकेट मिले।

### भारत में हावी टीम इंडिया

घरेलू मैदान पर टेस्ट में टीम इंडिया हमेशा से शानदार परफॉर्म करती आ रही है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी घर में दोनों के बीच 52 मैच खेले गए। 23 में भारत और 13 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। एक मुकाबला टाई रहा और 15 ड्रॉ रहे। इंदौर में दोनों के बीच कोई टेस्ट मैच नहीं हुआ, लेकिन भारत ने यहां 2 मुकाबले खेले और दोनों में ही जीत हासिल की। ओवरऑल दोनों टीमों के बीच 104 टेस्ट खेले गए हैं। 32 में भारत और 43 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। एक मुकाबला टाई रहा और 28 ड्रॉ भी रहे।

### पिच रिपोर्ट

इंदौर के होलकर स्टेडियम की पिच बैटिंग फ्रेंडली मानी जाती है। यहां अब तक 2 टेस्ट खेले गए, दोनों में भारत ने पहली पारी में खूब रनाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने 557 और बांग्लादेश के खिलाफ 493 रन बनाए। कीवी टीम 5 और बांग्लादेशी टीम भारत के 6 ही बैटर्स को आउट कर सकी थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ विराट कोहली तो बांग्लादेश के खिलाफ मयंक अग्रवाल ने दोहरा शतक जड़ा था। इंदौर में एक बार फिर बैटिंग फ्रेंडली पिच मिलने की उम्मीद है। जहां शुरुआती 2 दिन बैटर्स को मदद रहेगी, तीसरे दिन से पिच टूटेगी और आखिरी 2 दिनों में स्पिनर्स को बहुत ज्यादा मदद मिल सकती है। एक मार्च को इंदौर में 19 से 33 डिग्री के बीच टेम्परेचर रहेगा। बारिश नहीं होगी और पांचों ही दिन धूप रहेगी। ठंड लगभग खत्म हो चुकी है, ऐसे में तेज गेंदबाजों को सुबह भी मदद मिलने की उम्मीद कम है।

### रोहित सीरीज के टॉप रन स्कोरर

सीरीज के टॉप परफॉर्मर की बात करें तो बॉलर्स ही टॉप पर हैं। लेकिन, सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शानदार बैटिंग की। सीरीज के 2 मैचों में उनके नाम सबसे ज्यादा 183 रन हैं। इनमें एक शतक भी शामिल है। 158 रन के साथ अक्षर पटेल दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया से मार्नस लाबुशेन ने सबसे ज्यादा 119 रन बनाए हैं।

### जडेजा-अश्विन से पार नहीं पा सके कंगारू

शुरुआती 2 टेस्ट में भारत के रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने कंगारू बैटर्स को खुल कर खेलने नहीं दिया। जडेजा ने सीरीज के 2 मैचों में 17 तो वहीं अश्विन ने 14 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया से इस सीरीज में डेब्यू करने वाले टॉड मर्फी 10 विकेट के साथ टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। 8 विकेट के साथ नाथन लायन उनके बाद हैं।

### सीरीज में 2-0 से आगे है भारत

इंदौर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। भारत इस वक्त 4 टेस्ट की सीरीज के शुरुआती 2 मैच जीतकर सीरीज में 2-0 से आगे हैं। इंदौर में तीसरा टेस्ट जीतकर भारत सीरीज जीतना चाहेगा। वहीं, ऑस्ट्रेलिया मैच जीतकर भारत में 19 सालों में दूसरा टेस्ट जीतने की उम्मीद कर रहा है। इंदौर टेस्ट के बाद 9 मार्च से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चौथा टेस्ट खेला जाएगा। टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम 3 मैचों की वनडे सीरीज भी खेलेगी। जिसके मैच 17, 19 और 22 मार्च को खेले जाएंगे।

# ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की शादी, महाराष्ट्र के कर्जत में हुई वेडिंग सेरेमनी, पत्नी रितिका के साथ पहुंचे रोहित, श्रेयस ने डांस किया



**मुंबई, एजेंसी।** टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने गर्लफ्रेंड मिताली पारुलकर से शादी कर ली है। ठाकुर ने सोमवार को महाराष्ट्र के कर्जत में शादी की। रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा समारोह में शामिल हुए। रोहित के साथ पत्नी रितिका भी पहुंचीं। मुंबई रणजी ट्रॉफी टीम के कोच अभिषेक नायर और कई दूसरे प्लेयर भी शार्दुल के विवाह समारोह में शामिल हुए। इस दौरान शार्दुल के टीममेट श्रेयस अय्यर डीजे की धुन पर डांस करते नजर आए। रोहित और मुंबई टीम के दूसरे प्लेयर्स ने भी संगीत सेरेमनी में डांस किया।

### झिंगाट पर झूमे थे शार्दुल

शार्दुल की हल्दी सेरेमनी 25 फरवरी को हुई थी। 26 को संगीत सेरेमनी के दौरान उन्होंने सैराट फिल्म के च्झिंगाटज गाने पर डांस किया था। संगीत सेरेमनी में श्रेयस अय्यर ने भी डांस किया।

### मराठी रीति-रिवाज से हुई शादी

31 साल के शार्दुल ने मराठी रीति-रिवाज से शादी की। मिताली और शार्दुल मराठी ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आए। ठाकुर परिवार और दोस्तों के साथ डांस करते भी दिखे। इंटरनेट पर दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ उनके फोटोज भी वायरल हुए।

### कौन हैं मिताली?

मिताली बिजनेसवुमन हैं। उन्होंने द बेक्स कंपनी की स्थापना की। ये मुंबई और ठाणे में है। उनकी कंपनी बेकरी आइटम्स सप्लाई करती है। 2020 में मिताली ने ऑल द जैज- लग्जरी बेकर्सज्कंपनी भी खोली थी। इस पर भी बेकरी आइटम्स की बिक्री होती है।

### गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग का प्लान था

रिपोर्ट्स के अनुसार, शार्दुल और मिताली गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग करने वाले थे, लेकिन शार्दुल की क्रिकेट में व्यस्तता के बाद दोनों ने महाराष्ट्र में ही शादी की। शादी में 250 से 300 रिश्तेदारों को ही बुलाया गया। मुंबई में ही रिसेप्शन रखा जाएगा। मिताली ने बताया था कि शार्दुल मुंबई में लीग क्रिकेट खेलने में व्यस्त थे। 24 फरवरी को आखिरी मैच खेलने के बाद 25 को ही वह परिवार के साथ जुड़ सके।

### राहुल, अक्षर ने भी पिछले दिनों की शादी

भारतीय क्रिकेट टीम के तीसरे खिलाड़ी ने पिछले कुछ दिनों में शादी की है। शार्दुल से पहले बैटर केएल राहुल ने 23 जनवरी को बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी संग विवाह किया। राहुल के बाद ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने 26 जनवरी को मेहा पटेल संग सात फेरे लिए थे।

### जनवरी में खेला था शार्दुल ने आखिरी मैच

शार्दुल ने भारत के लिए आखिरी बार वनडे इंटरनेशनल मैच खेला था। ये मैच 24 जनवरी 2023 को भारत में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुआ था। शार्दुल ने इस मैच में 45 रन देकर 3 विकेट लिए थे। बैटिंग से 3 रन ही बना सके थे। टीम इंडिया ने यह मैच जीत लिया था। ओवरऑल शार्दुल तीनों ही फॉर्मेट में भारत के लिए डेब्यू कर चुके हैं। 8 टेस्ट में उनके नाम 27, 34 वनडे में 50 और 25 टी-20 में 33 विकेट हैं।

# विनेश फोगाट का योगेश्वर दत्त पर निशाना, कहा WFI से जुड़े विवाद में अध्यक्ष का समर्थन और फैक्ट लीक किए; कमेटी से तुरंत हटाया जाए



**पानीपत, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कुछ इंटरनेशनल पहलवानों द्वारा लगाए गए शारीरिक शोषण के आरोपों से जुड़े मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले की जांच के लिए इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन और खेल मंत्रालय की ओर से गठित अलग-अलग जांच कमेटियों में शामिल इंटरनेशनल पहलवान योगेश्वर दत्त की भूमिका पर आरोप लगाने वाले रेसलर्स में शामिल विनेश फोगाट ने सवाल उठाए हैं। विनेश फोगाट ने अपने ट्वीट में सीधे योगेश्वर दत्त का नाम तो नहीं लिया मगर अपरोक्ष रूप से उनका जिक्र करते हुए लिखा कि मामले की जांच कर रही दोनों कमेटियों में शामिल एक मेंबर पहलवानों की यौन उत्पीड़न से जुड़ी शिकायत के तथ्य लीक कर रहा है। ऐसा उन्हें मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है। इसीलिए इस सदस्य को तुरंत जांच कमेटी से हटाया जाना चाहिए। विनेश फोगाट ने अपने ट्वीट में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को टैग भी किया। गौरतलब है कि IOA और खेल मंत्रालय की ओर से बनाई गई दो अलग-अलग कमेटियों की अध्यक्ष नामी बॉक्सर मैरीकॉम हैं। इन दोनों ही कमेटियों में हरियाणा के पहलवान योगेश्वर दत्त शामिल हैं। योगेश्वर पर विनेश फोगाट पहले भी निशाना साध चुकी हैं।

# खिलाड़ी ही नहीं अंपायर्स को भी फिटनेस की चिंता

### होलकर स्टेडियम में रनिंग करते नजर आए रिचर्ड कैटलब्रो, तीसरे टेस्ट में करेंगे अंपायरिंग



**इंदौर, ईएमएस।** क्रिकेट और स्पोर्ट्स में फिटनेस के मायने बहुत है। लेकिन, खिलाड़ियों के साथ मैच ऑफिशियल्स, खासतौर पर अंपायर्स को अपनी फिटनेस पर ध्यान देते कम ही देखा जाता है। वहीं, दूसरी ओर भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच इंदौर के होलकर स्टेडियम में तीसरे मैच से पहले अंपायर रिचर्ड कैटलब्रो रनिंग करते नजर आए। होलकर स्टेडियम से एक वीडियो सामने आया, इसमें इंग्लैंड के अंपायर कैटलब्रो प्रैक्टिस पिच के पास शटल रन करते नजर आए। शटल रन में पिच जितनी दूरी पर बगैर बैट और पैड के करीब 10 बार रनिंग की जाती है। रिचर्ड एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट में फील्ड अंपायर रहेंगे। ऐसे में उन्हें भी ज्यादा से ज्यादा 5 दिनों के लिए लगातार 7 घंटे तक मैदान पर खड़े रहना पड़ सकता है। 5 दिनों तक अपना स्टैमिना और फिटनेस बनाए रखने के लिए ही रिचर्ड मैदान पर रनिंग करते नजर आए। रिचर्ड दुनिया के सबसे फिट अंपायरों में से भी एक हैं। इंदौर टेस्ट में रिचर्ड के अलावा भारत के नितिन मेनन भी अंपायरिंग करेंगे। नितिन ICC अंपायर्स की एलीट पैनल लिस्ट में हैं। साथ ही वह मूल रूप से इंदौर के ही रहने वाले हैं। 2019 वनडे वर्ल्ड कप में भारत-न्यूजीलैंड मैच के दौरान रिचर्ड कैटलब्रो भी 2 मैदानी अंपायरों में से एक थे।

### करियर का 108वां टेस्ट रहेगा इंदौर मैच

49 साल के रिचर्ड इंग्लैंड में यॉर्कशायर से घरेलू क्रिकेट खेलते थे। 38 साल की उम्र में उन्होंने अंपायरिंग करना शुरू किया। अब तक उन्होंने 51 टी-20 और 145 वनडे में अंपायरिंग की है। इंदौर में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच एक मार्च को अंपायरिंग करने के साथ रिचर्ड 108 टेस्ट में अंपायरिंग कर लेंगे। उन्हें अब तक 107 में से 77 बार फील्ड अंपायरिंग का मौका मिला तो वहीं 30 बार उन्होंने टीवी अंपायर की भूमिका भी निभाई। वह ICC अंपायरों की एलीट पैनल लिस्ट में भी शामिल हैं। उन्हें टी-20 वर्ल्ड कप, वनडे वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट में भी अंपायरिंग करने का अनुभव है।

# धनश्री वर्मा मालदीव में कर रहीं छुट्टियां एंजॉय



**फैंस को दिखाई रोमांटिक वेकेशन की झलक, ग्लैमरस अवतार में आईं नजर**

**मुंबई, ईएमएस।** इंडियन क्रिकेटर युजवेंद्र चहल इन दिनों अपनी पत्नी धनश्री वर्मा के साथ मालदीव में छुट्टियां एंजॉय कर रहे हैं। अब हाल ही में धनश्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को इस रोमांटिक वेकेशन की झलक दिखाई है। इस वीडियो में युजवेंद्र और धनश्री के साथ-साथ कुछ और लोग भी नजर आ रहे हैं। वहीं वो युजवेंद्र के साथ डांस करती हुए भी दिखाई दे रही हैं। धनश्री के डांस मूव्स की फैंस भी खूब तारीफ कर रहे हैं। जहां एक ने लिखा, च्धनश्री जितनी सुंदर हैं, उतना ही अच्छा डांस करती हैं।ज वहीं कुछ का कहना है कि युजवेंद्र चहल और धनश्री एक साथ बहुत अच्छे लगते हैं।

# आलिया ने सेल्फी के लिए की खास फोन की डीमांड्र

### यूजर्स बोले- आलिया आईफोन वालों की बेइज्जती कर रही हैं



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट को हाल ही में एक इवेंट में स्पॉट किया गया। इस दौरान का एक मजेदार वीडियो सामने आया है, जिसमें वो पैपराजी से सैमसंग का फोन मांगती हुई दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो को देखने के बाद लोगों का कहना है कि आलिया आईफोन वालों की बेइज्जती कर रही हैं।एक शख्स इस वीडियो में पीछे से कह रहा है, हम लोगों को आपके साथ सेल्फी चाहिए। मेरा ही फोन है।ज इसके बाद आलिया कहती हैं, च्सैमसंग किसके पास है? ये सुनते ही कुछ लोग कहते हैं, च्मनोज के पास।ज तो वो जोर-जोर से मनोज को अवाज लगाने लगती हैं, लेकिन मनोज वहां नहीं रहता है। हालांकि थोड़ी देर बाद उन्हें फोन मिल जाता है और वो सबके साथ सेल्फी लेने लगती हैं।

### लोग कर रहे आलिया से तरह-तरह के सवाल

अब आलिया के इस मजेदार वीडियो को देखने के बाद फैंस खूब तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। जहां कुछ ने पूछा, आप सैमसंग फोन ही क्यों मांग रही हैं। उससे क्या करेंगी? कुछ का कहना है कि वो आईफोन वालों की बेइज्जती कर रही हैं। वहीं कई लोग आलिया की खूबसूरती की तारीफ भी कर रहे हैं।आलिया के वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया जल्द फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके अपोजिट रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। इसके अलावा वो फिल्म जी ले जरा में भी दिखाई देंगी। साथ ही आलिया की हॉलीवुड डेब्यू फिल्म भी इसी साल रिलीज हो रही है।

# जिम में पसीना बहाते दिखे संजय दत्त

### 63 साल की उम्र में किया इंटेंस वर्कआउट, वीडियो देख फैंस बोले- लगे रहो मुन्ना भाई



**मंबई, ईएमएस।** 63 साल के संजय दत्त बॉलीवुड में बेहतरीन एक्टिंग के अलावा अपनी फिटनेस को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। इसी बीच संजू बाबा ने सोशल मीडिया पर अपना एक वर्कआउट वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह इंटेंस वर्कआउट करते हुए दिखाई दें रहे हैं। इस वीडियो को देख फैंस काफी खुश हुए।

### कहा- हर दिन मजबूत

इस वीडियो में संजय ब्लैक ब्लैक जिम वियर में एक्सरसाइज करते हुए दिखाई दें रहे हैं। इस दौरान बाबा के साथ उनका ट्रेनर नजर आ रहा है। वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, च्हर दिन मजबूतज, च्हैशटैग दत्तस् द वेज। अब संजू बाबा के फैंस उनका ये वीडियो देख उनसे काफी इंस्पायर हो रहे हैं, और इसी के साथ बाबा की तारीफ भी कर रहे हैं। एक यूजर ने इस वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा,ज इन्होंने साबित कर दिया है कि उम्र सिर्फ एक नंबर होती है। तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, च्लगे रहो मुन्ना भाईज। इनके अलावा तमाम यूजर्स बाबा के इस वीडियो पर अपना रिएक्शन दें रहे हैं।

### जल्द रिलीज होगी मुन्नाभाई एमबीबीएस 3

बता दें, संजय दत्त की फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस 3 इसी साल रिलीज होने वाली है। इस बात की जानकारी खुद संजू बाबा ने सोशल मीडिया के जरिए दी थी। फिल्म में एक बार फिर संजय दत्त और अरशद वारसी की जोड़ी देखने को मिलेगी। इसके अलावा संजू बाबा पिछले साल, सुपरहिट फिल्म केजीएफ- चैप्टर 2 में नजर आए थे। इसके अलावा संजय ने रणबीर कपूर और वाणी कपूर की फिल्म शमशेरा में क्रूर सिंह का रोल प्ले किया था।

# बायोपिक की अफवाहों के बीच क्रिकेट खेलते नजर आए गांगुली: रणबीर

## ईडन गार्डन पर हुए फ्रेंडली मैच में लिया हिस्सा, दादा ने कहा- रणबीर की खून में है एक्टिंग



**कोलकाता, एजेंसी।** ऐसी खबर आई थीं कि रणबीर कपूर टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की बायोपिक में उनकी भूमिका निभाते नजर आएंगे। हालांकि बाद में ये एक अफवाह निकली। अब हाल ही में दोनों को एक साथ क्रिकेट खेलते देखा गया है। रणबीर और गांगुली एक साथ देश के फेमस क्रिकेट स्टेडियम ईडन गार्डन में फ्रेंडली मैच खेलते नजर आए। इस मौके पर सौरव गांगुली ने रणबीर की जमकर तारीफ की है। सौरव गांगुली ने कहा है कि वो रणबीर के फैन हैं और उनकी सभी फिल्में देखते हैं।

### रणबीर की फैमिली में सभी शानदार एक्टर्स हैं..

सौरव गांगुली ने कपूर फैमिली की तारीफ की। उन्होंने कहा, रणबीर एक फेमस और प्रतिभाशाली परिवार से आते हैं। उनके पिता, मां, वो खुद और अब उनकी पत्नी सभी शानदार कलाकार हैं। एक्टिंग इस परिवार के जीन में है। एक्टिंग कोई स्पोर्ट्स नहीं है कि जो एक समय के बाद आकर रुक जाती है। वो (रणबीर) चाहे तो अपनी एक्टिंग की बदौलत पूरी दुनिया को हमेशा एंटरटेन कर सकते हैं।

### सिर्फ रणबीर की वजह से फिल्में याद रहती हैं- सौरव

जब सौरव से पूछा गया कि उन्हें रणबीर कपूर की सबसे अच्छी फिल्म कौन सी लगती है तो उन्होंने च्बर्फीज्का नाम लिया। गांगुली का कहना है रणबीर ने इस फिल्म में शानदार काम किया था। इसके अलावा उन्होंने रणबीर और दीपिका की सुपरहिट फिल्म च्ये जवानी है दीवानीज का भी नाम लिया। सौरव ने कहा, कई ऐसी फिल्में हैं जिसका नाम सिर्फ रणबीर की वजह से याद रहता है। मैं किसी भी फिल्म को उसके बॉक्स ऑफिस नंबर्स से नहीं आंकता। फिल्म कितना कमा रही है या कितने दिन थिएटर्स में चल रही है, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे यकीन है ऑडियंस को रणबीर और श्रद्धा की एक्टिंग पसंद आएगी।

### रणबीर के खून में एक्टिंग है- सौरव

सौरव गांगुली ने रणबीर कपूर की तारीफ में कहा, च्मैं रणबीर की तारीफ इसलिए नहीं कर रहा क्योंकि वो यहां मौजूद हैं। वो बहुत अच्छे एक्टर हैं, उनके खून में एक्टिंग है। मैंने उनकी सारी फिल्में देखी है, यहां तक कि पिछली फिल्म ब्रह्मास्त्र भी देखी थी। मैं उनकी अगली फिल्म तू झूठी मैं मक्कार भी देखूंगा। मैं उनको आने वाले समय के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

# मुड़वारा में कांग्रेस को जिताऊ नाम की तलाश

**कटनी,यशभारत।** कांग्रेस को जिला मुख्यालय की प्रतिष्ठापूर्ण सीट मुड़वारा में इस बार जिताऊ उम्मीदवार की तलाश है। पिछले चार चुनाव से कांग्रेस यहां पराजय का स्वाद चख रही है, ऐसे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ यहां के लिए हर उस विकल्प पर मंथन कर रहे है, जो पार्टी को लगातार मिल रही हार से उबार सके। इसके लिए राजधानी में अभी से कई नामों पर डिस्कशन शुरू हो चुका है। प्रदेश कांग्रेस की ओर से हर प्रमुख स्थानीय नेता को जिम्मेदारी सौंपने के साथ ही जबलपुर के वरिष्ठ नेताओं रमेश चौधरी और लखन घनघोरिया को यहां की जवाबदारी सौंपी गई है। टिकट के लिए इस बार पूर्व महापौर विजेंद्र मिश्र, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन, प्रियदर्शन गौर वर्तमान ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम खंपरिया और युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अंशु मिश्रा के नाम चर्चाओं में हैं। पूर्व विधायक सुनील मिश्रा के नाम पर भी पार्टी विचार कर सकती है। । इन नामों में सवाल फिर से वही खड़ा है, आखिर जिताऊ चेहरा कौन सा है। क्या इन नामों में से किसी एक पर दांव लगाकर पार्टी मुड़वारा के नतीजे पलट सकती है या कोई नया प्रयोग करके भाजपा को गच्चा देने की रणनीति पर काम करेगी। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस ने इंटरनल रूप से इस सीट के लिए अलग ही योजना बना रखी है, जिसके तहत चुनाव के नजदीक आ जाने के दौरान आखिरी तक भाजपा के चेहरे का वेट किया जाएगा। कांग्रेस को उम्मीद है कि कोई बड़ा नाम टिकट कटने की सूरत में भाजपा से छिटककर कांग्रेस का दामन थाम सकता है और तब ऐसी स्थिति में पार्टी भाजपा के ही मोहरे से भाजपा को मात देगी। यह स्थिति भविष्य की गर्त में है, फिलहाल हर नेता अपने अपने समीकरण साधने में लगा हुआ है। आंकड़ों पर गौर किया जाए तो कांग्रेस का पिछले चुनाव में प्रदर्शन अब तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन रहा है। मिथलेश जैन करीब 63 हजार वोट पा गए थे, लेकिन उस चुनाव में भाजपा के संदीप जायसवाल को लेकर शहर में जबरदस्त एन्टीइकम्बेंसी काम कर रही थी। इस बार भी पूरे प्रदेश के साथ कटनी में कांग्रेस उत्साहित है।

## सिरफिरे युवक के विरूद्ध पुलिस ने दर्ज किया मामला

### कोतवाली प्रभारी की गाड़ी में बम फेंकने की दी थी धमकी

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह की गाड़ी पर बम फेंकने की धमकी देने वाले सिरफिरे युवक के विरूद्ध पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। उपनिरीक्षक धनंजय पांडेय ने बताया कि आजाद चौक निवासी सौरभ गुप्ता ने कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह की गाड़ी में बम फेंकने की धमकी दी थी। सौरभ गुप्ता ने कहा है कि वह यह कृत्य अपनी प्रेमिका के कहने पर करेगा। युवक का कहना है कि प्रेमिका के लिए वह कुछ भी कर सकता है। सिरफिरे युवक ने एक वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया में वायरल किया है। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई है और युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश में जुट गई है।

# जहां पर निर्धारित दर से महंगी बिक रही संपत्ति, वहां बढ़ेगी कलेक्टर गाइड लाइन

### मध्य प्रदेश में महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय ने संपत्ति की खरीदी-ब्रिकी का आंकलन करने के दिए निर्देश



**कटनी,यशभारत।** जिन क्षेत्रों में आवासीय, व्यावसायिक भूखंड या भवन निर्धारित दर से महंगे बिक रहे हैं, वहां कलेक्टर गाइड लाइन बढ़ाई जाएगी। इसके लिए महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय सभी जिला कार्यालयों के माध्यम से बीते एक साल में संपत्ति की खरीदी-ब्रिकी की जानकारी एकत्र करा रहा है। इसके आधार पर गाइड लाइन निर्धारित की जाएगी। साथ ही उन क्षेत्रों में दरें यथावत रखी जाएंगी, जहां बीते एक साल में जो रजिस्ट्रियां हुई हैं, वे कलेक्टर गाइड लाइन के बराबर या कम दर पर हुई हैं। पंजीयन कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल एक लाख छह हजार स्थानों में से केवल नौ हजार स्थानों पर ही कलेक्टर गाइड लाइन बढ़ाई गई थी। यह वृद्धि उन्हीं स्थानों पर की गई थी, जहां रजिस्ट्री निर्धारित दर से 20 प्रतिशत या उससे अधिक हुई थी। ऐसे क्षेत्र जहां निवेश की संभावना अधिक है या व्यावसायिक गतिविधियों का विस्तार हो सकता है, वहां भी कलेक्टर गाइड लाइन बढ़ाई जाएगी। कृषि आधारित क्षेत्र में गैर कृषि प्रयोजन के विस्तार को भी दर निर्धारित करते समय ध्यान रखा जाएगा। जिन क्षेत्रों में संपत्ति की खरीदी-ब्रिकी न के बराबर हो रही है, वहां दर कम भी की जा सकती है।

#### प्रस्तावों पर केंद्रीय मूल्यांकन समिति करेगी निर्णय

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जिले में बीते एक वर्ष में हुई रजिस्ट्री का अध्ययन करके प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। जिलों से प्रस्तावित दरों पर केंद्रीय मूल्यांकन समिति विचार कर अंतिम निर्णय लेगी। अधिकारियों के मुताबिक गाइड लाइन का निर्धारण पिछले साल के अनुभव और भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए जिलों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर सभी पहलूओं को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

#### पिछले साल से अधिक मिला राजस्व

पंजीयन एवं मुद्रांक से सरकार को इस वर्ष अभी तक 14 प्रतिशत राजस्व अधिक मिला है। इस माह तक सरकार को छह हजार 589 करोड़ रुपये से ज्यादा का राजस्व मिल चुका है। जबकि, पिछले वर्ष इसी अवधि में पांच हजार 778 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था। हालांकिए लक्ष्य आठ हजार 160 करोड़ रुपये का है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनूपपुर का नाबालिग गांजा की खेप के साथ गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर ग्राम डिहुटा में दबिश देकर अनूपपुर निवासी एक नाबालिग बालक को प्रतिबंधित गांजा की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार विधि विरुद्ध किशोर जो अनूपपुर जिला का रहने वाला है, वह गांजा बेच रहा था। मुखबिर की सूचना पर ढीमरखेड़ा पुलिस ने दबिश दी और बताए हुलिया अनुसार तलाशी ली। इस दौरान आरोपी के पास से 3 किलो अवैध मादक पदार्थ गाजा कीमती 30 हजार रुपए जप्त किया। उक्त कार्रवाई सहायक उपनिरीक्षक जयचंद सिंह के द्वारा की गई है। विधि विरुद्ध बालक से पुलिस पूछताछ कर रही है कि वह कहां से गांजा लेकर आया था और कहां बेच रहा था। आरोपी को हिरासत में लेते हुए धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### युवक से बटनदार चाकू बरामद

**कटनी, यशभारत।** कुठला पुलिस ने चक्कीघाट क्षेत्र में दबिश देकर एक बदमाश को बटनदार चायनीज चाकू लेकर घूमते गिरफ्तार किया है। कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि चक्कीघाट क्षेत्र निवासी 23 वर्षीय सूरज उर्फ लक्ष्मी नारायण निषाद नामक युवक आपराधिक गतिविधि को अंजाम देने की फिराक बटनदार चायनीज चाकू लेकर घूम रहा था। सूचना पर प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह व अजय यादव मौके पर पहुंचे और सूरज को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### बंधी तिराहे पर सट्टा-पट्टी काटते तीन गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम बंधी रेल तिराहा आम रोड में सट्टा-पट्टी काटते हुए बदमाश को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने छोटू केवट निवासी ग्राम बंधी रेल थाना स्लीमनाबाद को 3 नग सट्टा-पट्टी के साथ गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम जोबा तलैया के पास रोहणी पटेल को सट्टा-पट्टी काटते हुए पकड़ा है। माधवनगर पुलिस ने दबिश देकर एक सटोरिया को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार ग्राम इमलिया में दबिश देकर सुगम शिवहरे निवासी कैलवारा फाटक गायत्री मंदिर के पास को सट्टा-पट्टी काटते हुए पकड़ा गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# कनेक्शन काटने गए बिजली अधिकारियों को युवक ने कुल्हाड़ी लेकर चमकाया

### कार रोक कर दी जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज की एफआइआर



**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत पुरैनी में बकाया बिजली बिल जमा न करने पर बिजली कनेक्शन काटने गए बिजली अधिकारियों व कर्मचारियों पर एक युवक भड़क गया और घर से कुल्हाड़ी लाकर बिजली कंपनी के अधिकारियों की कार के सामने खड़े होकर रास्ता रोक लिया। इस दौरान युवक ने कार के सामने खड़े होकर अधिकारियों को कुल्हाड़ी दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगा। जान पर खतरा बना देख महिला सहायक अभियंता व कर्मचारी कार में ही बैठे रहे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और युवक को गिरफ्तार कर थाने लाई। जिसके बाद युवक के विरूद्ध मामला भी दर्ज किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड शहर संभाग में सहायक अभियंता राजस्व के पद पर पदस्थ सुशीला सिंह मसराम अपने सहयोगी कर्मचारियों कार्यालय सहायक रवि कुशवाहा, चंदन विश्वकर्मा, लाइनमैन जानकी प्रसाद तिवारी, परीक्षण सहायक शिवलाल सिंह एवं हेल्पर कृष्ण कुमार पटेल के साथ पुरैनी बस्ती में बकाया बिजली बिल वसूली पर कार्रवाई के लिए गई थीं। इस दौरान बस्ती में घरेलू उपभोक्ता प्यारी बाई के विद्युत कनेक्शन पर 24 हजार 181 रुपए लंबे समय से बकाया होने पर लाइनमैन द्वारा कनेक्शन काट दिया गया। कनेक्शन काटने से प्यारी बाई का पुत्र श्रीधर गोटिया भड़क गया। अधिकारियों का चार पहिया वाहन जब उसके घर के सामने से निकला तो कुल्हाड़ी लेकर सामने खड़ा हो गया। गाड़ी को रोक दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा। कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि विद्युत अधिकारियों से मिली सूचना पर मौके पर जाकर कुल्हाड़ी लेकर धमकाने वाले श्रीधर गोटिया को तत्काल हिरासत में लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 353, 294, 506, 341 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# सरपंच के ससुर पर चाकू से हमला

### घटिया निर्माण का आरोप लगाकर दो युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत खरखरी नंबर एक में घटिया निर्माण का आरोप लगाकर दो युवकों ने महिला सरपंच के ससुर पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में सरपंच के ससुर को गंभीर चोट आई है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खरखरी नंबर एक में महिला सरपंच होने के चलते ससुर रविशंकर पांडेय ही ग्राम पंचायत द्वारा होने वाले निर्माण कार्यों को देखते हैं। सरपंच के ससुर निर्माणाधीन आयुष्मान बिल्डिंग के समीप खड़े थे। इसी दौरान श्रवण परौहा व रमेश परौहा पहुंचे और कहा कि गुणवत्ताहीन काम हो रहा है। गुणवत्ताहीन बिल्डिंग निर्माण का आरोप लगाया तो विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। सरपंच के ससुर रविशंकर पांडेय पर श्रवण व रमेश ने पेट व शरीर के अन्य हिस्से में चाकू से हमला करते हुए घायल कर दिया है। रविशंकर पांडेय निवासी देवडोंगरा ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**कुठला थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरखरी में घटना**

# छपरा-पनवेल के बीच कटनी होकर तीन ट्रिप चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

**कटनी, यशभारत।** आगामी होली पर्व के दौरान ट्रेनों में होने वाली यात्रियों को भीड़भाड़ को नियंत्रित करने की कार्ययोजना रेलवे ने बना ली है और पर्व के दौरान अलग-अलग रेलखंडों पर होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। जिसमें से कुछ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा व कटनी साउथ स्टेशन होकर किया जाएगा। कुछ होली स्पेशल ट्रेनों की पूर्व में घोषणा करने के बाद रेलवे ने छपरा-पनवेल-छपरा के बीच कटनी स्टेशन होकर तीन-तीन ट्रिप होली स्पेशल ट्रेनें और चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 05193 छपरा-पनवेल होली स्पेशल ट्रेन 2 मार्च, 9 मार्च व 16 मार्च गुरुवार को छपरा स्टेशन से 15:20 बजे प्रस्थान कर सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए 21:00 बजे पनवेल स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05194 पनवेल-छपरा होली स्पेशल ट्रेन 3 मार्च, 10 मार्च व 17 मार्च शुक्रवार को पनवेल स्टेशन से 22:50 बजे प्रस्थान कर इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए तीसरे दिन 08:50 बजे छपरा स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 03 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 09 शयनयान श्रेणी, 06 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी, बनारस, प्रयागराज जंक्शन, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, भुसावल, नासिक रोड एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।

#### मुड़वारा होकर चलेगी डॉ.अम्बेडकर नगर-पटना होली स्पेशल ट्रेन

डॉक्टर अम्बेडकर नगर-पटना-डॉक्टर अम्बेडकर नगर के बीच कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर तीन-तीन ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन भी चलाने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 09343 डॉक्टर अम्बेडकर नगर-पटना होली स्पेशल ट्रेन 3, 10 व 17 मार्च शुक्रवार को डॉक्टर अम्बेडकर नगर स्टेशन से 05:05 बजे प्रस्थान कर संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा व सतना में ठहराव लेते हुए दूसरे दिन 04:00 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09344 पटना-डॉक्टर अम्बेडकर नगर होली स्पेशल ट्रेन 4, 11 व 18 मार्च शनिवार को पटना स्टेशन से 07:20 बजे प्रस्थान कर कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना, विदिशा एवं संत हिरदाराम नगर में ठहराव लेते हुए दूसरे दिन 06:15 बजे डॉक्टर अम्बेडकर नगर स्टेशन पहेुचेगी। इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 21 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में इंदौर, देवास, मक्सी, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।

# दुर्घटनाएं रोकने रेलवे चला रहा संरक्षा अभियान





### अपर महाप्रबंधक ने किया झुकेही स्टेशन पर सिग्नलिंग प्रणाली का निरीक्षण

**कटनी, यशभारत।** रेलवे के द्वारा ट्रेनों के पटरी से उतरने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए रेल संरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ट्रेन के पटरी से उतरने, सिग्नल पासिंग एट डेंजर (एसपीएडी) और अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान के तहत पमरे के अपर महाप्रबंधक शोभन चौधरी सोमवार को कटनी होते हुए झुकेही स्टेशन पहुंचे। रेल अधिकारी ने यहां रेल सरंक्षा से जुड़े सिग्नलिंग प्रणाली को बारीकी से देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश देकर उपस्थित रेल अधिकारियों को समझाया। बताया जाता है कि विगत सप्ताह में जबलपुर मंडल द्वारा रेल संरक्षा अभियान के तहत 67 रेलवे अधिकारियों और 121 मुख्य लोको निरीक्षकों की गहन काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान सिग्नलिंग पहलुओं और ब्रेकिंग प्रथाओं के पालन, गति प्रतिबंधों का पालन, कार्य स्थल की सुरक्षा, शॉर्टकट आदि की रोकथाम के संबंध में समझाया गया।

# चोरी के आरोपियों को 3 साल का सश्रम कारावास

**कटनी, यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत चोरी के एक मामले में आरोपी राजा उर्फ मोहन साहू, राजनंदनी साहू एवं नरेश कुमार सोनी को सेंधमारी कर चोरी करने के आरोप में धारा 454, 380, 411 में दोषी पाते हुए न्यायालय ने सजा सुनाई है। आरोपी राजा उर्फ मोहन साहू को धारा 454, 380 में 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो हजार रुपए का अर्थदंड, आरोपी नरेश व राजनंदिनी को धारा 411 में 2-2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त प्रकरण में पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने की। मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार गर्ग ने बताया कि 3 जुलाई 2019 को फरियादी प्रमोद साहू ने थाना कुठला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बालाजी नगर थाना कुठला कटनी में रहता है। 30 मई 2019 को वह परिवार सहित मकान के गेट में ताला लगाकर घर स्लीमनाबाद गया था। 3 जुलाई को वापस लौटा तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, दरवाजा खुला था, घर में कमरे का सामान फैला पड़ा था। आलमारी का ताला एवं लॉकर टूटा हुआ था। चोरों ने 70 हजार रूपए के जेवर एवं 18 हजार रुपए नगदी रकम पार कर दी थी। पुलिस धारा 457, 380 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया। अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया था। न्यायालय ने आरोपीगण को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।













स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)